# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 6:55 बजे
सूर्यास्त शाम 5:28 बजे

• साल-1 • अंक-72 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रुपये • सोमवार 17 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


न्यूज़ ब्रीफ

## घरेलू सरज़मीं पर भारत 30 रन से हारा

**कोलकाता**| भारत को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 30 रन से हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 93/9 पर रुक गई। कप्तान शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वॉशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। साइमन हार्मर ने मैच में कुल 8 विकेट झटके, जबकि अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने मैच की एकमात्र फिफ्टी (55) ठोकी। इस मैच के साथ भारत को 2010 के नागपुर टेस्ट के बाद पहली बार घरेलू सरज़मीं पर साउथ अफ्रीका से हार मिली।

## अरमान मलिक को मिली जान से मारने की धमकी

**चंडीगढ़**| पंजाब में रह रहे हरियाणा के प्रसिद्ध यूट्यूबर अरमान मलिक को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वालों ने उनसे 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी और पैसे न देने पर "चमत्कार दिखाने" की चेतावनी दी। अरमान ने बताया कि वे पिछले 20 दिनों से लगातार धमकी भरे कॉल और मैसेज प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दे दी है। यूट्यूबर का कहना है कि धमकी देने वालों को उनके परिवार की निजी जानकारी है, जिससे उन्हें शक है कि किसी करीबी की मिलीभगत भी हो सकती है। धमकी देने वाले उनकी पत्नियों को भी कॉल कर रहे हैं। अरमान मलिक ने कहा कि स्थिति अब खतरनाक हो चुकी है और उन्हें उम्मीद है कि पुलिस जल्द कार्रवाई करेगी।

## कार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 5 की मौत

**झांसी**। ग्वालियर-झांसी हाइवे पर रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई, जिसमें कार सवार सभी पाँच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रॉली के नीचे पूरी तरह फंस गई और कोई भी यात्री बच नहीं पाया। मृतक ग्वालियर के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो झांसी से एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। शव कार और ट्रॉली के बीच बुरी तरह फंसे हुए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कटर मशीन की मदद से कार को काटकर शवों को बाहर निकाला। मामले की जांच जारी है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# गालियां दी गई, चप्पल से मारने की कोशिश हुई : रोहिणी आचार्य

## X पर एक पोस्ट कर कहा रोहिणी जैसी बेटी किसी को न मिले

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने परिवार और पार्टी को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के अगले ही दिन रोहिणी का यह भावुक लेकिन तीखा प्रहार यादव परिवार में गहरी खाई का संकेत दे रहा है। शनिवार को परिवार से संबंध तोड़ने और राजनीति छोड़ने की घोषणा करने वाली रोहिणी ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि उनके साथ बदसलूकी की गई, उन्हें अपमानजनक शब्दों से नवाज़ा गया और चप्पल दिखाकर धमकाने तक की नौबत आ गई।

**मुझे अनाथ बना दिया गया : रोहिणी**

एक भावुक पोस्ट में उन्होंने लिखा "कल एक बेटी, बहन, पत्नी और मां का अपमान किया गया। मुझे गालियाँ दी गईं, चप्पल उठाकर मारने की कोशिश की गई। मैंने अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया, इसलिए मुझे यह सब सहना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें जबरन परिवार से अलग कर दिया गया मायके से खींचकर दूर कर दिया गया मुझे अकेला छोड़ दिया गया, मानो मैं किसी की नहीं।

**किडनी दान पर करोड़ों लेने का आरोप**

रोहिणी ने एक और पोस्ट में लिखा कि उन पर यह कहकर हमला किया गया कि उन्होंने पिता लालू यादव को किडनी दान के बदले करोड़ों रुपये लिए और लोकसभा टिकट 'खरीदा'। उनके शब्दों में "मुझे 'गंदी' कहा गया, आरोप लगाया गया कि मैंने 'गंदी किडनी' लगवाई, पैसे लिए और टिकट खरीदा। मेरी राह कोई न अपनाए किसी को भी रोहिणी जैसी बेटी-बहन न मिले।

**राजनीति छोड़ने का ऐलान, तेजस्वी के करीबी पर निशाना**

रोहिणी ने अपनी पोस्ट में तेजस्वी यादव और उनके करीबी संजय यादव व रमीज का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि इन्हीं के दबाव में उन्होंने परिवार और राजनीति से दूरी बनाई। संजय यादव आरजेडी सांसद हैं और रमीज तेजस्वी के नज़दीकी माने जाते हैं।

रोहिणी ने कहा पूरे देश में सवाल है कि पार्टी क्यों हारी, लेकिन इनके नाम लेते ही मुझे हूक, गालियाँ, अपमान मिलता है। मुझे परिवार से बाहर निकाल दिया गया है।

**तेज प्रताप के निष्कासन की नाराज़गी?**

कहा जा रहा है कि रोहिणी अपने भाई तेज प्रताप यादव को पार्टी से बाहर किए जाने से पहले ही नाराज़ थीं। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान वह तेजस्वी के साथ दिखाई दी थीं।

**बिहार चुनावः आरजेडी को करारी शिकस्त**

बिहार विधानसभा चुनाव में आरजेडी की सीटें 75 से घटकर सिर्फ 25 रह गईं। महागठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया जबकि एनडीए ने 202 सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी।

**बीजेपी का हमला**

इस विवाद पर बीजेपी ने भी निशाना साधा।

अमित मालवीय ने कहा कि किडनी दान करने के बावजूद रोहिणी के साथ परिवार ने ऐसा व्यवहार किया, यह लालू परिवार की सोच का आईना है। निशिकांत दुबे ने तेजस्वी की तुलना औरंगज़ेब से करते हुए कहा कि उन्होंने भी अपने ही परिवार को दबाया।

**यादव परिवार में बड़ी दरार**

यह घटनाक्रम आरजेडी के लिए संकट बढ़ा रहा है। लालू यादव की तबीयत पहले ही राजनीति से उन्हें दूर रखती है, ऐसे में परिवार का यह विवाद पार्टी की छवि और विपक्षी एकता दोनों पर भारी पड़ सकता है। तेजस्वी यादव अब तक इस पर खामोश हैं।

**संजय की बढ़ती ताकत से घरवाले नाराज**

कहा जाता है कि लालू यादव ने तेजस्वी यादव को फ्री हैंड दे दिया है। जब से तेजस्वी को पूरी पावर मिली है, उनके करीबी संजय यादव का प्रभाव भी बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेजस्वी क्या करेंगे, किससे बात करेंगे, उनकी रणनीति क्या होगी, सब संजय यादव तय करते हैं। रोहिणी ने इशारों-इशारों में संजय को निशाने पर लिया है। हालांकि इससे पहले तेज प्रताप यादव खुलेआम आलोचना कर चुके हैं। आजकल तेज प्रताप 'जयचंद' कह कर निशाना साधते हैं। कहा जाता है कि उनका इशारा संजय की तरफ ही है।

## पंजाब शिवसेना प्रमुख को जान से मारने की धमकी



समर न्यूज़ | रूपनगर

पंजाब शिवसेना प्रमुख संजीव घनौली और उनके भाई सचिन घनौली को एक विदेशी नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे उन्हें यूके नंबर (+44) से व्हाट्सऐप कॉल आया, जिसमें कॉलर ने अपना नाम बघेल सिंह बताया और दावा किया कि फिरोजपुर में आरएसएस नेता के पोते की हत्या उसी ने करवाई थी। कॉलर ने खुद को "शेर-ए-पंजाब ब्रिगेड" का सदस्य बताते हुए दोनों भाइयों को भी जल्द ही मार देने की चेतावनी दी। धमकी भरी कॉल के तुरंत बाद घनौली को व्हाट्सऐप पर एक लेटरहेड भी भेजा गया, जिसमें हत्या की धमकी दोहराई गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस चौकी घनौली के एएसआई राजकुमार मौके पर पहुंचे और कॉल रिकॉर्डिंग, धमकी भरे नंबर और भेजे गए लेटर की प्रतियां अपने कब्जे में लीं। पुलिस के अनुसार, कॉल विदेशी नंबर से की गई थी और साइबर क्राइम टीम नंबर ट्रेस करने में जुटी है। एएसआई राजकुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और जांच तेजी से आगे बढ़ रही है।

## सीएम मान ने 45 करोड़ 85 लाख का पैकेज दिया

### शहीद करतार सिंह सराभा को दी श्रद्धांजलि



अशवनी पाहवा | लुधियाना

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने महान क्रांतिकारी शहीद करतार सिंह सराभा के शहीदी दिवस पर उनके पैतृक गांव सराभा पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहीदों ने देश के लिए जो कुर्बानियां दी हैं, हम सभी उनका अनुसरण करने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री मान ने सबसे पहले गांव के सराभा चौक में स्थापित शहीद करतार सिंह सराभा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह गांव के पार्क पहुंचे और अन्य शहीदों की प्रतिमाओं पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत वे शहीद करतार सिंह सराभा के घर भी गए, जहां उन्होंने प्रतिमा पर सरोपा भेंट किया और सलामी देकर नमन किया।

उन्होंने घर में लगी पुरानी तस्वीरों व ऐतिहासिक सामान को भी ध्यानपूर्वक देखा और शहीद के जीवन से जुड़े पहलुओं को करीब से जानने की कोशिश की। 45 करोड़ 85 लाख रुपये की घोषणा गांव के दौरे के दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने कई मांगें रखीं, जिनमें पानी की समस्या का समाधान, गांव में शूटिंग रेंज की स्थापना, हलवारा एयरपोर्ट रोड को फोर लेन करने और वन नर्सरी को आधुनिक तकनीक से अपग्रेड करने जैसी मुख्य मांगें शामिल थीं। मुख्यमंत्री ने इन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के विकास पर 45 करोड़ 85 लाख रुपये की राशि खर्च करने की घोषणा की। वन नर्सरी को अपडेट करने की मांग पर मुख्यमंत्री मान ने कहा कि "इस विषय के बारे में मुझे जानकारी नहीं थी, पर आप अपना हक मानकर मांगें। सरकार आपके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस घोषणा से ग्रामीण विकास, सड़क चौड़ीकरण और मूलभूत सुविधाओं में सुधार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। खिलाड़ियों से मुलाकात श्रद्धांजलि सभा के बाद मुख्यमंत्री ने मंच पर मौजूद खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और हाल ही में जीते गए मैच की उन्हें बधाई दी। स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों ने गांव में मुख्यमंत्री की उपस्थिति को गौरव का क्षण बताया।

## मंगेतर ने दुल्हन की हत्या की

### साड़ी और पैसों पर हुआ झगड़ा बढ़ा

समर न्यूज़ | भावनगर

गुजरात के भावनगर में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक युवक ने कथित तौर पर अपनी मंगेतर की उसी के घर में हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार यह घटना उनकी शादी से सिर्फ एक घंटे पहले हुई, जबकि दोनों की ज्यादातर रस्में पहले ही पूरी हो चुकी थीं। घटना प्रभुदास झील क्षेत्र के टेकरी चौक के पास हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी साजन बरैया और पीड़िता सोनी हिम्मत राठौड़ करीब डेढ़ साल से साथ रह रहे थे।

परिवार के विरोध के बावजूद दोनों ने सगाई कर ली थी और शनिवार रात उनकी शादी निर्धारित थी। पुलिस के अनुसार शादी से कुछ देर पहले साड़ी और पैसों को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आए साजन ने लोहे के पाइप से सोनी पर हमला किया और उसका सिर जोर से दीवार पर दे मारा। चोट गंभीर होने के कारण सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने घर में तोड़फोड़ की और फिर वहां से भाग निकला।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और



आरोपी साजन फरार

पूरे मामले की छानबीन शुरू की। घर के अंदर बिखरी वस्तुओं और खून के निशानों से झगड़े की पुष्टि हुई। पुलिस उपाधीक्षक आर.आर. सिंघल ने बताया, 'परिवार की मंजूरी न होने के बावजूद दोनों करीब एक से डेढ़ साल से साथ रह रहे थे। शनिवार को उनकी शादी होने वाली थी, लेकिन उससे कुछ समय पहले ही दोनों में साड़ी और पैसों को लेकर विवाद शुरू हो गया। उन्होंने बताया, 'विवाद इतना बढ़ गया कि साजन ने गुस्से में लोहे के पाइप से सोनी पर प्रहार कर दिया और उसका सिर दीवार पर दे मारा। गंभीर चोटों के चलते उसकी वहीं मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहराई से जांच जारी है।

## मुंबई में नवजात को 5 लाख में बेचने की कोशिश


### पांच लोगों पर मामला दर्ज

समर न्यूज़ | मुंबई

मुंबई के शिवाजी नगर गोवंडी क्षेत्र में नवजात शिशुओं की तस्करी से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। देवनार पुलिस ने एक 21 वर्षीय अविवाहित महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ उसके नवजात बेटे को पांच लाख रुपये में बेचने का प्रयास करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह बच्चा महिला ने हाल ही में गोवंडी स्थित एक नर्सिंग होम में जन्म दिया था। इस अवैध सौदे की जानकारी एक सामाजिक कार्यकर्ता बीनू वर्गीस ने पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही सहायक निरीक्षक कैलाश सोनवणे के नेतृत्व में पुलिस टीम नर्सिंग होम पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला अपने नवजात पुत्र को धन के बदले सौंपने की तैयारी में थी।

पुलिस ने इस मामले में कुल पांच व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें बच्चे की जैविक मां, शिशु को खरीदने की कोशिश कर रही महिला दर्शना, दलाली करने वाली शमा, नर्सिंग होम के मालिक डॉ. कयामुद्दीन खान और क्लिनिक की कर्मचारी अनीता पोपट सावंत शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नर्सिंग होम के कुछ अन्य स्टाफ सदस्यों की संलिप्तता की भी आशंका है, जिसकी जांच जारी है। जांच के दौरान नर्सिंग होम से जुड़ी कई और गड़बड़ियाँ सामने आई हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार, जिस डॉक्टर ने प्रसव कराया, वह बीयूएमएस डिग्रीधारक है और कानूनी तौर पर डिलीवरी कराने के लिए अधिकृत नहीं है। इसके अलावा क्लिनिक पर पूर्व में भी अवैध गर्भपात करवाने के आरोप लग चुके हैं। पुलिस का कहना है कि यह मामला शिशु तस्करी के एक बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। फिलहाल नर्सिंग होम को नोटिस जारी कर दिया गया है और सभी संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारी ने पुष्टि की कि बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली गई है और मामले की गहन जांच जारी है।

## घुड़सवार खिलाड़ी रोमांचक प्रदर्शन करते हुए



**पंजाब घुड़सवारी महोत्सव 2.0 में मोहाली के पलनपुर मीडोज में घुड़सवारी कौशल का शानदार प्रदर्शन करता प्रतिभागी; कार्यक्रम में देशभर से आए घुड़सवारों ने अपनी प्रतिभा का चमकदार प्रदर्शन किया।**

पेज 1 एंकर स्टोरी

### दोनों देशों के बीच हुए अहम समझौते, एशिया-प्रशांत में बढ़ सकती है सैन्य खलबली

# अमेरिका ने दक्षिण कोरिया को परमाणु पनडुब्बियां बनाने की दी मंजूरी

समर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

अमेरिका ने दक्षिण कोरिया को परमाणु ऊर्जा से संचालित हमलावर पनडुब्बियां बनाने की अनुमति देकर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा संतुलन को नया मोड़ दे दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब कोरियाई प्रायद्वीप पहले से ही उत्तर कोरिया की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के कारण तनावपूर्ण स्थिति में है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है कि नई परमाणु पनडुब्बियां सीधे तौर पर उत्तर कोरिया और किम जोंग उन की आक्रामक रणनीतियों का मुकाबला करने के लिए इस्तेमाल की जाएंगी। दोनों देशों के बीच हुए इस अहम समझौते के तहत अमेरिका दक्षिण कोरिया को इन पनडुब्बियों के लिए परमाणु ईंधन और आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएगा। व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान में इसे दोनों राष्ट्रों की साझेदारी और सुरक्षा सहयोग में महत्वपूर्ण प्रगति बताया गया।

यह समझौता उस व्यापारिक डील के बाद आया है, जिसमें दक्षिण कोरिया ने अमेरिका में करीब 29.58 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश का वादा किया है। इस निवेश में बड़ी रकम जहाज निर्माण और नकद भुगतान के रूप में शामिल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार, इन परमाणु पनडुब्बियों का निर्माण फिलाडेल्फिया के



शिपयार्ड में होगा, जहाँ दक्षिण कोरिया की कंपनी हन्वा का अमेरिकी सहयोगी विभाग कार्यरत है। हालांकि, कोरियाई सरकार चाहती है कि इन पनडुब्बियों का निर्माण उनके अपने देश में ही हो, क्योंकि वहाँ मौजूद सुविधाओं से उत्पादन प्रक्रिया काफी तेजी से पूरी की जा सकती है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने हाल ही में APEC सम्मेलन के दौरान ट्रम्प के सामने यह मुद्दा उठाया था और कहा था कि उत्तर कोरिया की बढ़ती परमाणु क्षमताओं से निपटने के लिए ऐसी पनडुब्बियां अनिवार्य हैं। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री अहन ग्यू-बैक ने भी इस बात पर जोर दिया कि परमाणु पनडुब्बियां उनकी नौसेना को अत्यधिक शक्ति प्रदान करेंगी और किम जोंग उन की सैन्य महत्वाकांक्षाओं पर रोक लगाने में मददगार होंगी।

उत्तर कोरिया मार्च 2025 में अपनी निर्माणाधीन परमाणु पनडुब्बी की तस्वीरें जारी कर चुका है, जिनमें किम जोंग उन शिपयार्ड का दौरा करते दिखाई दे रहे थे। माना यह भी जा रहा है कि रूस की मदद से उत्तर कोरिया अपना परमाणु पनडुब्बी कार्यक्रम काफी तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इसके अलावा, उत्तर कोरिया के पास 50 के करीब परमाणु हथियार मौजूद होने का भी अनुमान है। किम जोंग उन पहले ही घोषित कर चुके हैं कि वे अमेरिका और उसके सहयोगियों से उत्पन्न खतरों का सामना करने के लिए आधुनिक हथियारों का भंडार बनाएंगे, जिसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें, मल्टी-वारहेड सिस्टम और जासूसी उपग्रह भी शामिल हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि दक्षिण कोरिया को परमाणु ऊर्जा संचालित पनडुब्बियों की अनुमति से क्षेत्र में शक्ति संतुलन बदल सकता है और इससे चीन, रूस और उत्तर कोरिया में असंतोष पैदा हो सकता है। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन के वरिष्ठ विश्लेषक का कहना है कि यह कदम कोरियाई प्रायद्वीप को स्थिरता देने के बजाय हथियारों की होड़ और तनाव को और अधिक बढ़ा सकता है।

## सीएम पुष्कर धामी का दिल्ली दौरा राजनीतिक रणनीति पर मंथन

समर न्यूज़ | देहरादून

मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद धामी ने भाजपा नेतृत्व से की मुलाकात, प्रदेश में नई राजनीतिक



दिशा का संकेत दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की, जहां उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ प्रदेश की राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने के मुद्दे पर चर्चा की। यह दौरा खासतौर पर इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने इस्तीफा दिया है, जिससे मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना बढ़ गई है। सीएम धामी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उत्तराखंड की सरकार विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी प्राथमिकता प्रदेशवासियों के लिए बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता और सामाजिक विकास को भी अपनी योजनाओं में प्रमुख रखा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत हुई, जो उत्तराखंड के भविष्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगे।इसके अलावा, हाल ही में देहरादून में आयोजित साहित्य उत्सव में भी मुख्यमंत्री ने भाग लिया था।

# लालजीत सिंह भुल्लर ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए हिट एंड रन मुआवज़ा योजना की शुरू

## जागरूकता, प्रशिक्षण और मुआवज़ा वितरण को तेज करने की पहल

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

नवंबर के तीसरे रविवार को विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले सड़क यातायात पीड़ितों के विश्व स्मृति दिवस के अवसर पर, पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने सड़क सुरक्षा संबंधी लीड एजेंसी के अधिकारियों और सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक बुलाई।

आज यहां हुई इस बैठक में राज्य में हिट एंड रन मुआवज़ा योजना की कार्य-योजना की औपचारिक शुरुआत की गई। यह दिन सड़क दुर्घटना पीड़ितों की याद में, उनके शोकाकुल परिवारों के समर्थन में और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने, पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए सहायता प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। यह एक्शन प्लान पंजाब की हिट एंड रन मुआवज़ा योजना, जो राज्य की सड़क सुरक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, के तहत जागरूकता बढ़ाने और समय पर सहायता सुनिश्चित करने के संकल्प को दर्शाता है।

हिट एंड रन मुआवज़ा योजना, 2022 के तहत, मृत्यु के मामलों में 2,00,000 रुपए और गंभीर चोट के मामलों में 50,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जहां दोषी वाहन या चालक की पहचान नहीं हो पाती। पंजाब ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों का हवाला देते हुए, मंत्री ने बताया कि 2022 और 2023 के 3,324 हिट-एंड-रन मामले लंबित हैं, जिनमें 2,510 मौतें और 1,317 गंभीर रूप से घायल व्यक्ति शामिल हैं। उन्होंने




आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को राहत सुनिश्चित करते हुए, सरकार 31 मार्च 2026 तक इन लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। रोड सेफ्टी की लीड एजेंसी के डायरेक्टर जनरल, आर. वेंकट रत्नम, आईएएस (सेवानिवृत्त), ने बताया कि लीड एजेंसी ने छह जिला मुख्यालयों जालंधर, एसएएस नगर (मोहाली), बठिंडा, तरनतारन, फिरोजपुर और पटियाला—में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सत्रों का कार्यक्रम तैयार किया है, जिसमें आसपास के ज़िले भी शामिल होंगे। 25 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलने वाले ये सत्र एसडीएम, एसपी/डीएसपी (ट्रैफिक), सिविल सर्जन और आरटीओ को मुआवज़ा वितरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए केस दस्तावेजों की प्रोसेसिंग और अपलोडिंग संबंधी प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण सड़क सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हरप्रीत सिंह द्वारा, अवॉइड एक्सीडेंट एनजीओ और अन्य सूचीबद्ध संगठनों के सहयोग से दिया जाएगा।

फाइल प्रोसेसिंग को सरल बनाने के लिए एक विस्तृत चेकलिस्ट भी तैयार की गई है। लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के संयुक्त निदेशक परमजीत सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा होने के बाद, लीड एजेंसी मयंक फाउंडेशन, मुक्तसर वेलफेयर क्लब और अवॉइड एक्सीडेंट जैसी गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर सुविधा शिविर आयोजित करेगी, ताकि दावेदारों को मौके पर ही दस्तावेज पूरे करने और मुआवज़ा वितरण को तेज करने में सहायता मिल सके। दुर्घटना पीड़ितों और उनके परिवारों से की गरिमा एवं अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती हैं।

# ट्रांसजेंडर समुदाय और महिलाओं की भलाई के लिए कल्याणकारी कदम

## गरीब लड़कियों के लिए 53 करोड़ की सैनिटरी पैड योजना को मंज़ूरी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने सामाजिक सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को और मज़बूत करने की दिशा में कई अहम फैसले लिए हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में कैबिनेट ने सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग से



जुड़े कई प्रमुख प्रस्तावों को मंज़ूरी दी है। इन फैसलों में 16 नए बाल विकास प्रोजेक्ट अधिकारियों के पदों की भर्ती, ट्रांसजेंडर मामलों से जुड़े नियमों में संशोधन का अधिकार सामाजिक सुरक्षा विभाग को सौंपना, और जरूरतमंद महिलाओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से 53 करोड़ की लागत से सैनिटरी पैड वितरण योजना को लागू करना शामिल है।

# जालंधर की मिट्ठू बस्ती में चली गोलियां, ससुरालिक विवाद के चलते हुआ हमला

**समर न्यूज़ | जालंधर**

पंजाब के जालंधर स्थित मिट्ठू बस्ती में शनिवार देर रात उस समय दहशत फैल गई जब अचानक गोलियों की आवाजें गूंज उठीं। रात करीब 10 बजे हुए इस हमले का वीडियो आसपास के सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है, जिसमें कुछ युवक हवाई फायर करते और एक व्यक्ति के पीछे भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय निवासी गुरुदेव सिंह रिंपी ने आरोप लगाया है कि उस पर यह जानलेवा हमला उसके साले और सांढु ने कराया। पीड़ित के अनुसार, उसने वर्षों तक अपने साले की आर्थिक मदद की थी और उसकी जमानत तक के पैसे भरे थे, लेकिन पारिवारिक मतभेदों के चलते संबंध खराब हो गए। रिंपी ने बताया कि उसका साला आए दिन झगड़ा करवाने की कोशिश करता था और ससुराल पक्ष से बातचीत टूट जाने के बाद लगातार धमकियां दे रहा था। पीड़ित ने बताया कि शनिवार को हमलावर दो दर्जन से अधिक लोगों को साथ लाकर हथियारों और ईंट-पत्थरों से उसके घर पर टूट पड़े। किसी तरह जान बचाकर उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना बस्ती बाबा खेल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपितों की पहचान की जा रही है।

# पंजाब पुलिस ने 3.1 किलोग्राम हेरोइन, डेढ़ किलो किलोग्राम अफीम सहित 72 नशा तस्कर गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूरी तरह खात्मे के लिए चलाई जा रही मुहिम "युद्ध नशों विरुद्ध" को 260वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 298 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्यभर में 46 एफआईआर दर्ज कर 72 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 260 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 36,855 हो गई है।

इस छापेमारी के दौरान गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 3.1 किलोग्राम हेरोइन, 1.5 किलोग्राम अफीम, 215 नशीली गोलियाँ और 1.5 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।




एडीजीपी अर्पित शुक्ला

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त बनाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 59 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 298 छापे मारे। दिनभर चले इस अभियान में पुलिस टीमों ने 315 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

राज्य सरकार ने नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, नशामुक्ति और रोकथाम (ईडीपी) - लागू की है। इसी 'डी-एडिक्शन' हिस्से के तहत पंजाब पुलिस ने आज 35 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# अमृतसर में पाकिस्तान आधारित हथियार और नशा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने की चल रही मुहिम के दौरान, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाँच व्यक्तियों को 1.01 किलोग्राम हेरोइन और छह आधुनिक पिस्तौलों सहित गिरफ्तार करके पाकिस्तान से जुड़े हथियार एवं नार्को नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अकाश मसीह और प्रिंस दोनों निवासी पंडोरी गांव, अमृतसर ग्रामीण; करनबीर सिंह उर्फ करन निवासी चौगांवां गांव, अमृतसर ग्रामीण; सुखविंदर सिंह निवासी हेतमपुरा गांव, अमृतसर ग्रामीण; और गुरभेज सिंह उर्फ भेजा निवासी




लाहियां गांव, तरनतारन के रूप में हुई है। बरामद किये गये पिस्तौलों में पाँच .30 बोर पिस्तौल और एक 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल शामिल है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किये गये आरोपी पंजाब में अवैध हथियार और नशीले पदार्थ प्राप्त करने और उनकी डिलीवरी करने के लिए सोशल मीडिया ऐप्लिकेशनों के जरिए पाकिस्तान-आधारित संचालकों से तालमेल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी आरोपी अंतरराष्ट्रीय सीमा के नज़दीक बसे गांवों से संबंध रखते हैं और अपने संचालकों के निर्देशों पर अवैध खेपें प्राप्त करते थे।

डीजीपी ने कहा कि इस मामले में शामिल संचालकों की पहचान करने और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए अमृतसर के पुलिस कमिश्नर (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि छेहरटा के पास एक योजनाबद्ध नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीमों ने आरोपी अकाश मसीह और प्रिंस को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से एक .30 बोर पिस्तौल और एक ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल बरामद की। उन्होंने बताया कि मामले की पड़ताल के दौरान तकनीकी सुरागों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने करनबीर सिंह और सुखविंदर सिंह को तीन .30 बोर पिस्तौलों और 1 किलो 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। आगे बताया कि मुलजम करनबीर सिंह उर्फ करन के खुलासे पर पुलिस ने गुरभेज सिंह उर्फ भेजा को एक .30 बोर पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया।

# मेधावी छात्रों से सांसद अनुराग ठाकुर ने की मुलाकात

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में यात्रा और पर्यटन को व्यापक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि देशाटन छात्रों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाता है। वह उत्तराखंड के देवप्रयाग विधानसभा के भारत दर्शन कार्यक्रम में शामिल मेधावी छात्रों से मुलाकात के दौरान संवाद कर रहे थे।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में चलाई जा रही सांसद भारत दर्शन योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की समृद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि देशभर के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मॉडल



को अपनाया जाना खुशी की बात है, जिससे स्थानीय छात्रों को नई प्रेरणा मिल रही है।

देवप्रयाग के विधायक विनोद कंडारी द्वारा शुरू किए गए भारत दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली पहुंचे छात्रों ने अपनी यात्रा के अनुभव साझा किए। सांसद ठाकुर ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी, जो भारत दर्शन यात्रा कर लौटते हैं, वे आने वाले वर्षों में परीक्षा देने वाले बच्चों के लिए रोल मॉडल बनते हैं और भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# पारदर्शी प्रेस से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होता है : राजेश धर्माणी

**समर न्यूज़ | शिमला**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी ही किसी भी लोकतंत्र की जीवन-रेखा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और उत्तरदायी मीडिया लोकतंत्र को न केवल जीवंत रखता है, बल्कि समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता भी बढ़ाता है। राजेश धर्मंणी ने कहा कि एआई, डीपफेक और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के इस दौर में मीडिया के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं।

गलत और सही सूचनाओं के बीच अंतर अब अधिक जटिल हो गया है, ऐसे में पत्रकारों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं



की जानकारी सही तथ्यात्मक रूप में जनता तक पहुंचाना मीडिया की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि मीडिया सरकार और जनता के बीच मजबूत पुल का काम करता है। उन्होंने तथ्य आधारित पत्रकारिता और आत्ममंथन को समय की आवश्यकता बताया।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रो. शशिकांत शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ब्रेकिंग न्यूज की दौड़ ने खबरों की विश्वसनीयता को चुनौती दी है। उन्होंने 'स्लो न्यूज' जैसे वैश्विक प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि पत्रकारों को गहराई, तथ्यों और सटीकता पर ध्यान देना होगा। उनके अनुसार यह समय इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म को बढ़ावा देने का है। हिलपोस्ट के प्रधान संपादक रविंद्र मखैक ने कहा कि सोशल मीडिया युग में फर्जी खबरों का प्रसार तेज है, ऐसे में मीडिया संस्थानों पर तथ्य-जांच करते हुए विश्वसनीय जानकारी साझा करने की बड़ी जिम्मेदारी है। न्यूज-18 नेटवर्क के कंसल्टिंग एडिटर मुकेश राजपूत ने कहा कि पत्रकारिता में सवाल पूछना सबसे अहम आधार है और जनहित से जुड़े सवालों के जवाब अवश्य मिलते हैं। वरिष्ठ पत्रकार पी.सी. लोहमी ने कहा कि सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और निडरता ही पत्रकारिता की वास्तविक पहचान है।वहीं वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी शर्मा ने कहा कि एक पक्षीय समाचार से विश्वसनीयता घटती है, इसलिए दोनों पक्षों को समाचार में स्थान देना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान निदेशक सूचना एवं जन संपर्क राजीव कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर आकाशवाणी शिमला के क्षेत्रीय अध्यक्ष रितेश कपूर, विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# दिल्ली ब्लास्ट पर हरियाणा के मंत्री श्याम सुंदर राणा का बयान

## दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई, किसी को नहीं मिलेगी राहत

**समर न्यूज़ | दिल्ली**

दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद जांच एजेंसियां हरकत में आ गई हैं। जांच के दौरान हरियाणा से कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इस बीच जालंधर पहुंचे हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्याम सुंदर राणा ने कहा कि दिल्ली ब्लास्ट मामले में दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी और जांच पूरी पारदर्शिता से होगी।

मंत्री राणा ने पाकिस्तान की राजनीति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि वहां चुनाव तो होते हैं लेकिन नीतियां



सेना तय करती है, न कि राजनीतिक नेता। जहां सेना का दखल होता है, वहां लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं रह जाता।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सेना हमेशा तनाव और संघर्ष की राजनीति करती है और अब उसे सबक सिखाना जरूरी है।

**आरोप** | पांच लाख रुपये के लिए बेटी पर बनाया गया दबाव

# जालंधर में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**समर न्यूज़ | जालंधर**

जालंधर के लम्मा पिंड इलाके में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतका की पहचान 22 वर्षीय रोशनी के रूप में हुई है, जिसकी शादी इसी साल 20 अप्रैल को मोहित नामक युवक से हुई थी। गुरुवार को रोशनी का शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद उसके पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

रामामंडी थाना प्रभारी मनजिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने पति मोहित, सास अंजू और ससुर उमेश सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि



मृतका का पोस्टमार्टम रविवार को किया जाएगा, जिसके बाद रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।


मृतका के पिता राज किशोर सिंह, जो मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं और वर्तमान में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में ऑटो चलाते हैं, ने बताया कि विवाह के कुछ समय बाद ही बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किया जाने लगा।

उन्होंने कहा कि मोहित और उसके परिवार वाले जमीन खरीदने के लिए पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। जब उन्होंने यह रकम देने से इनकार किया तो आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई।

राज किशोर सिंह ने बताया कि घटना वाले दिन सुबह 9 से 10 बजे के बीच बेटी ने मां रेखा को दो बार फोन किया और कहा कि उसे ससुराल से ले जाएं क्योंकि जान को खतरा है। कुछ समय बाद करीब 11:30 बजे ससुराल पक्ष से फोन आया कि रोशनी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि वे बेटी को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## मैं बोलूंगा तो...

### धूप सेंकते बदमाश और किस्मत की तवा-तलाशी



समर न्यूज | मोहाली

*डेराबस्सी की उजाड़ जगह का उस दिन नज़ारा भी अनोखा था जहां आम लोग ठंड से बचने के लिए धूप सेंकते हैं, वहीं जनाब कानून से बचने के लिए धूप का मज़ा ले रहे थे।*

*पर कहते हैं ना जिस धूप में तुम आराम खोज रहे हो, किस्मत उसी में हिसाब पका रही होती है।*

*एजीटीएफ ने सोचा "जब बदमाश धूप सेंक सकते हैं, तो हम थोड़ा 'एक्शन-सेंक' क्यों न कर लें?"*

*और फिर वही हुआ जिसकी सुगंध पहले ही हवा में थी मंजा भी तपा, और लातें भी।*

*जो भाई कल तक "दिल्ली वाले लाले" की धमकियों पर reels बनाते थे, आज वही भाई real life में "लँगड़ापन स्पेशल एपिसोड" बन चुके हैं।*

*एक को दोनों पैरों में गोली मतलब, अब वह 'डबल लँगड़ा गैंग' का मॉडल है।*

*दूसरे को एक गोली, इसे आप "सिंगल लँगड़ा इकोनॉमी क्लास" कह सकते हैं। अब सोचने वाली बात यह है, जो लोग कभी दूसरों को खड़े होने नहीं देते थे, आज खुद खड़े नहीं हो पा रहे। भाग्य का खेल भी बड़ा व्यंग्यात्मक होता है।*

*कहते हैं "बदमाश की आँख में डर नहीं होता।" हाँ, लेकिन गोली वाली टाँग में दर्द जरूर होता है खासकर तब, जब वह दर्द पूरे मोहल्ले की चुगली बन जाए।*

*और कोई भाई बोल रहा था— "इन गैंगस्टरों को लड़कियाँ नहीं मिलतीं।"*

*अरे अब तो और नहीं मिलेंगी, एक लँगड़ा तो समझ आता है, पर डबल लँगड़ा तो बोनस पैक हो गया। ये वही शेर लोग हैं जो कहते थे, "हम सिस्टम हिला देंगे।"*

*आज अस्पताल की बैडशीट पर ऐसे पड़े हैं, जैसे फोन की बैटरी अधूरी चार्ज, अधूरी मृत।*

*सबसे हँसाने वाली बात, ये महाशय कोई बड़ी वारदात नहीं प्लान कर रहे थे, बस मंजे पर धूप सेंकते हुए ग्रुप फोटो की पोज़ सोच रहे थे।*

*लेकिन किस्मत ने कहा "भाई, आज तुम्हारा फोटोशूट नहीं, आज तुम्हारा 'शॉट' day है।" एजीटीएफ ने वहीं पर "धूप सेक्शन" को "गोलियों का सेशन" बना दिया।*

*जो बदमाश मंजे पर बैठकर धूप सेंकते हुए योजनाएँ बना रहे थे, वो अब अस्पताल के बिस्तर पर पड़े सोच रहे हैं, "जिस्म तो सेंक लिया अब इज़्ज़त कौन सेक कर देगा?"*

***#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #EncounterDiEntry #LangdaGangUpdate #TandooriEncounter #PunjabEncounterFiles***

## Good DAY

समर न्यूज | धर्मशाला



*आप सभी के लिए आज का दिन शुभ, शांतिपूर्ण और सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ होने की कामना करता हूँ। हमारी यह पर्वतीय नगरी न सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि यहां के लोगों की सरलता, मेहनत और आपसी सद्भाव इसे और भी खास बनाते हैं। हर नया दिन हमें एक नया अवसर देता है, कुछ अच्छा करने का, किसी की मदद करने का, और अपने समाज को बेहतर दिशा देने का। मुझे गर्व है कि धर्मशाला की जनता हमेशा विकास, स्वच्छता, शिक्षा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देती आई है। आपके सहयोग और विश्वास से ही हम शहर की बुनियादी सुविधाओं को मज़बूत करने, पर्यटन को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए नए अवसर तैयार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, अपने आस-पास के लोगों को प्रेरित करें, और धर्मशाला को एक आदर्श शहर बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि आपका सक्रिय सहयोग, समस्याओं की समय पर सूचना और सामुदायिक कार्यक्रमों में भागीदारी हमारे शहर को और सशक्त बनाती है। मिलकर हम धर्मशाला को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं वाला शहर बना सकते हैं, जहाँ आने वाली पीढ़ियाँ गर्व से अपना भविष्य सँवारेंगी। आपका दिन मंगलमय हो।*

***-सुधीर शर्मा, विधायक धर्मशाला***

### ड्राइवरों पर संघीय नियमों के उल्लंघन का आरोप, प्रवासी ड्राइवरों पर राजनीतिक विवाद गहराया

# कैलिफोर्निया प्रवासी ड्राइवरों के कमर्शियल लाइसेंस करेगा रद्द

एजेंसी | न्यूयॉर्क

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य ने घोषणा की है कि वह लगभग 17,000 कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करेगा, जो प्रवासी ड्राइवरों को जारी किए गए थे। राज्य के अधिकारियों के अनुसार, ये लाइसेंस उन तारीखों से आगे तक वैध थे, जिन तक ड्राइवरों को अमेरिका में काम करने की अनुमति थी, जो राज्य कानून के खिलाफ है। कैलिफोर्निया (डिपार्टमेंट ऑफ मोटर व्हीकल्स) के मुताबिक, ड्राइवर का कार्य-अनुमति पत्र (वर्क परमिट) और उसका ड्राइविंग लाइसेंस एक ही तारीख को समाप्त होना चाहिए, और जहां भी यह नियम नहीं माना गया, कार्रवाई करना जरूरी था। प्रभावित ड्राइवरों को 6 नवंबर को नोटिस भेज दिए गए हैं, जिनमें बताया गया है कि उनके लाइसेंस 60 दिनों के भीतर रद्द हो जाएंगे।

यह कदम ऐसे समय में आया है जब कैलिफोर्निया सरकार और ट्रंप प्रशासन के बीच गैर-निवासी कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंसिंग प्रोग्राम को लेकर विवाद चल रहा है। हाल ही में एक राष्ट्रीय ऑडिट के बाद भी दबाव बढ़ा, जब फ्लोरिडा में एक दुर्घटना सामने आई, जिसमें एक ऐसे ट्रक ड्राइवर के कारण तीन लोगों की मौत हुई, जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा था और उसने गलत दिशा में यू-टर्न लिया था।

अमेरिकी परिवहन सचिव शॉन डफी ने दावा किया कि कैलिफोर्निया को यह साबित करना होगा कि उन्होंने हर अवैध प्रवासी ड्राइवर को सड़क से क्यों हटाया है। उन्होंने कहा, "मेरी टीम ऐसे सभी मामलों की जांच जारी



अमेरिकी परिवहन सचिव शॉन डफी

रखेगी। हालांकि, कैलिफोर्निया प्रशासन ने डफी के बयानों को "राजनीतिक बयानबाजी" बताया और कहा कि जिन 17,000 ड्राइवरों के लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं, वे गैरकानूनी नहीं, बल्कि संघीय सरकार द्वारा अधिकृत प्रवासी कर्मचारी हैं। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूज़ॉम के प्रवक्ता ब्रैंडन रिचर्ड्स ने कहा, "एक बार फिर शॉन 'रोड रूल्स' डफी सच नहीं बताते। वे अपने नेता को खुश करने के लिए झूठ फैला रहे हैं।"

कैलिफोर्निया अमेरिका के उन 19 राज्यों में शामिल है जो बिना कानूनी दर्जे वाले प्रवासियों को भी ड्राइविंग लाइसेंस जारी करते हैं। प्रवासी अधिकार समूहों का तर्क है कि इससे लोग सुरक्षित तरीके से काम और यात्रा कर पाते हैं। लेकिन हाल ही में परिवहन विभाग की मोटर कैरियर सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा किए गए ऑडिट के बाद कैलिफोर्निया, टेक्सास सहित सात राज्यों पर प्रश्न उठे। ऑडिट के अनुसार, कैलिफोर्निया द्वारा जारी 25% लाइसेंस संघीय मानकों के अनुरूप नहीं थे, कई लाइसेंस प्रवासी के वर्क परमिट समाप्त होने के महीनों बाद तक वैध पाए गए।

ऑडिट के बाद डफी ने अक्टूबर में कैलिफोर्निया को दिए जाने वाले 40 मिलियन डॉलर से अधिक के परिवहन अनुदान रोक दिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य न केवल अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को लाइसेंस जारी कर रहा है, बल्कि ट्रक चालकों के लिए नए अंग्रेज़ी भाषा नियम भी लागू नहीं कर रहा। राज्य अधिकारियों ने इन सभी आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्होंने सभी संघीय नियमों का पालन किया है।

कैलिफोर्निया DMV ने स्पष्ट किया कि 29 सितंबर 2025 के बाद से वह गैर-निवासी कमर्शियल लाइसेंस जारी या नवीनीकृत नहीं कर रहा।

इस बीच, संघीय सरकार द्वारा प्रस्तावित नए नियम जिनमें अनिवार्य इमिग्रेशन स्टेटस चेक, लाइसेंस की अवधि सीमित करने और केवल कुछ विशेष वीज़ा वालों को पात्रता देने का प्रावधान था को इस सप्ताह एक संघीय अदालत ने अस्थायी रूप से रोक दिया है। इस फैसले ने उन हजारों प्रवासी ड्राइवरों को राहत दी है जो अपने रोजगार और लाइसेंस खोने के खतरे में थे।

### ▪ वाहन चालकों को बड़ी राहत

## बिना FASTag वाले वाहनों को डिजिटल भुगतान पर नहीं देना होगा डबल टोल

समर न्यूज | चंडीगढ़

केंद्रीय सरकार ने नेशनल हाईवे पर चलने वाले लाखों वाहन चालकों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने आज से एक नया नियम लागू किया है, जिसके तहत बिना FASTag वाले वाहनों को डिजिटल भुगतान करने पर अब डबल टोल टैक्स नहीं देना पड़ेगा। पहले FAST-ag न होने या बैलेंस कम होने की स्थिति में वाहन चालकों से दो गुना टोल वसूला जाता था, लेकिन अब डिजिटल भुगतान करने पर केवल निर्धारित राशि का 1.25 गुना ही शुल्क देना होगा।

सरकार ने टोल दरों को भी स्पष्ट कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार किसी भी वाहन के लिए FASTag की निश्चित राशि 100 रुपये तय की गई है। यदि कोई चालक नकद भुगतान करता है तो उसे 200 रुपये चुकाने होंगे, जबकि UPI या अन्य डिजिटल




तरीकों से भुगतान करने पर 125 रुपये देने होंगे। यानी डिजिटल भुगतान पर 25% अतिरिक्त शुल्क लगेगा, लेकिन पहले जैसी दोगुनी रकम नहीं देनी पड़ेगी।

***नए नियमों के अनुसार,*** *यदि FASTag में तकनीकी खराबी हो या वाहन में FASTag उपलब्ध न हो, तो ड्राइवरों के पास तीन विकल्प होंगे—*

*1.FASTag के माध्यम से सामान्य दर पर भुगतान।*

*2.नकद भुगतान पर डबल टोल।*

*3.डिजिटल पेमेंट (UPI आदि) पर सिर्फ 1.25 गुना टोल।*

*सरकार का दावा है कि नया नियम डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देगा और टोल प्लाज़ा पर लगने वाली लंबी कतारों को भी कम करेगा। साथ ही, उन ड्राइवरों को राहत मिलेगी जिन्हें छोटी खामी या बैलेंस की कमी के कारण भारी जुर्माना देना पड़ता था। नए नियम तुरंत प्रभाव से पूरे देश के नेशनल हाईवे पर लागू कर दिए गए हैं।*

## स्कूल में देर से पहुंचने पर 100 उठक बैठक की सजा, छात्रा की मौत, जांच शुरू

### ▪ परिजनों ने शिक्षिका पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया

एजेंसी | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ छठी कक्षा की एक छात्रा को स्कूल देर से आने पर कथित तौर पर 100 बार उठक-बैठक लगाने की सजा दी गई थी। लगभग एक सप्ताह बाद छात्रा की मौत हो गई, जिसके बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वसई के सातिवली इलाके स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ने वाली अंशिका का शुक्रवार रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। मराठी नवनिर्माण सेना के सदस्यों का कहना है कि 8 नवंबर को अंशिका के साथ चार अन्य बच्चों को भी देर से आने पर 100-100 उठक-बैठक करने को कहा गया था।

मृत छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को शिक्षक ने स्कूल बैग पीठ पर रखकर उठक-बैठक करने के लिए मजबूर किया था, जो उसकी सेहत पर भारी पड़ा। उनका कहना है कि यह "अमानवीय दंड" ही उसकी मौत का कारण बना। परिवार के मुताबिक, शारीरिक सजा के बाद बच्ची की गर्दन और पीठ में तेज दर्द शुरू हो गया था और वह ठीक से उठ-बैठ भी नहीं पा रही थी।

वसई के मनसे नेता सचिन मोरे ने भी कहा कि छात्रा पहले से कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी, इसके बावजूद उसे इतना कठोर दंड दिया गया।

वहीं, स्कूल की एक शिक्षिका ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि छात्रा ने वास्तव में कितनी उठक-बैठक की थी और उसकी मौत का असली कारण क्या था, यह अभी नहीं कहा जा सकता।

खंड शिक्षा अधिकारी पांडुरंग गलांगे ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत का सही कारण सामने आएगा। उनके अनुसार, अभी तक इस घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया से बात करते हुए अंशिका की मां ने कहा कि जैसे ही उन्हें सजा और बेटी की तबीयत के बिगड़ने की जानकारी मिली, वे तुरंत स्कूल पहुंचीं और शिक्षिका से आपत्ति जताई। उनका कहना है कि शिक्षक ने दंड को सही ठहराते हुए कहा कि देर से आने पर कार्रवाई न करें तो अभिभावक शिकायत करते हैं कि शिक्षण में शिथिलता बरती जा रही है।

छात्रा की मां ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को सजा देने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें बैग के साथ इतनी कड़ी सजा दी जाए कि उनकी जान पर बन आए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक की कठोरता ने उनकी बेटी की जान ले ली।

## भावनगर में महिला और दो बच्चों के शव मिले, पति पर पुलिस की नजर

एजेंसी | भावनगर

गुजरात में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहा एक वन अधिकारी की पत्नी और उनके दो बच्चों के शव लापता होने के दस दिन बाद भावनगर में जमीन से बरामद किए गए। पुलिस ने रविवार को इस मामले की पुष्टि की। भावनगर के पुलिस अधीक्षक नितेश पांडे ने जानकारी दी कि सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) शैलेश खंभला ने 6 नवंबर को अपनी पत्नी नयना राबड़ी (40) और दो बच्चों नौ वर्षीय बेटे तथा 13 वर्षीय बेटी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी पांडे ने बताया कि 6 नवंबर के आसपास फॉरेस्ट कॉलोनी में खंभला के आवास के पास संदिग्ध तरीके से मिट्टी खोदे जाने की सूचना मिली थी। इस खबर के बाद पुलिस, एफएसएल टीम और एक डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचा। निरीक्षण के दौरान वहां से तीन शव बरामद किए गए। बाद में मृतकों की पहचान नयना राबड़ी और उनके दोनों बच्चों के रूप में हुई, जिसे परिवार ने भी पुष्टि की। एसपी ने कहा कि प्रकरण में फिलहाल शैलेश खंभला को मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार परिवार छुट्टियों में खंभला के साथ भावनगर घूमने गया था। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## सेबों से भरा ट्रक पलटा, सड़क पर बिखरीं हजारों पेटियां...



**फिरोजपुर के कस्बा हरीके के 54 नंबर हाईवे पर एक बड़ा हादसा हुआ, जहाँ जम्मू-कश्मीर से अहमदाबाद जा रहा सेबों से भरा ट्रक सामने से आ रही कार को बचाने की कोशिश में डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज़ थी कि ट्रक पलट गया और सड़क पर सेबों की पेटियाँ दूर-दूर तक बिखर गईं। हादसे में ट्रक और माल का भारी नुकसान हुआ, हालांकि जानमाल की हानि से बचाव हो गया।**

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### ग्राहकों को अब यूपीआई, आईएमपीएस, एनईएफटी और आरटीजीएस पर करना होगा भरोसा

# एसबीआई 30 नवंबर 2025 के बाद बंद करेगा mCASH सेवा

समर न्यूज | नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने अपने लाखों ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। बैंक ने घोषणा की है कि 30 नवंबर 2025 के बाद mCASH सेवा को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। यह सेवा अभी OnlineSBI और YONO Lite दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और ग्राहकों को बिना लाभार्थी (बेनिफिशियरी) जोड़कर भी पैसे भेजने की सुविधा देती है। लेकिन सेवा बंद होने के बाद यह सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

एसबीआई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर स्पष्ट संदेश जारी करते हुए बताया कि अब ग्राहकों को UPI, IMPS, NEFT और RTGS जैसे सुरक्षित और व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले डिजिटल भुगतान विकल्पों का उपयोग करना चाहिए। बैंक का कहना है कि डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में तेज प्रगति और सुरक्षा मानकों के नए दिशानिर्देशों को देखते हुए इस सेवा को बंद करना आवश्यक हो गया था।

**क्या है SBI mCASH और क्यों था लोकप्रिय?**

SBI mCASH एक विशेष डिजिटल भुगतान सुविधा थी, जिसमें ग्राहक सिर्फ मोबाइल नंबर




या ईमेल ID के आधार पर पैसे भेज सकते थे। यह सुविधा उन लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होती थी, जिन्हें भुगतान तुरंत करना होता था लेकिन लाभार्थी को जोड़ने की प्रक्रिया में समय नहीं गंवाना होता। ग्राहक OnlineSBI या State Bank Anywhere के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को राशि भेज सकते थे। भुगतान करते ही प्राप्तकर्ता के मोबाइल या ईमेल पर एक एसएमएस/मेल प्राप्त होता था जिसमें एक सिक्योर लिंक और 8-अंकों का पासकोड दिया होता था। प्राप्तकर्ता इस लिंक के माध्यम से किसी भी बैंक के खाते में पैसे क्लेम कर सकता था।

**mCASH बंद होने के कारण**

हालांकि एसबीआई ने बंद करने के प्रत्यक्ष कारणों को सूचीबद्ध नहीं किया है, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक कई कारण इसके पीछे हो सकते हैं।

UPI की बढ़ती लोकप्रियता – भारत में 90% से अधिक डिजिटल भुगतान UPI आधारित हो चुके हैं।

सुरक्षा मानकों में बदलाव – पुराने सिस्टम को बनाए रखने की बजाय बैंक सुरक्षित और नए प्लेटफॉर्म पर फोकस करना चाहता है। ऑपरेशनल लागत mCASH ऐप और सर्वर को बनाए रखना अतिरिक्त खर्च पैदा करता है। ग्राहकों की कम होती मांग UPI और IMPS ने इस सेवा की जगह ले ली है।

इन सभी कारणों के चलते SBI ने इस सेवा को चरणबद्ध तरीके से बंद करने का फैसला लिया है।

**अब mCASH के बाद पैसे कैसे भेजें?**

कस्टमर्स के लिए सबसे आसान और तेज विकल्प UPI (BHIM SBI Pay) है। एसबीआई का UPI ऐप सभी बैंकों के लिए काम करता है और इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति : पैसे भेज, पैसे प्राप्त, बिल भुगतान, रिचार्ज, ऑनलाइन शॉपिंग आदि कर सकता है।

**BHIM SBI Pay के जरिए पैसे भेजने की प्रक्रिया:**

ऐप में लॉगिन करें, 'Pay' विकल्प चुनें, VPA, अकाउंट–IFSC या QR कोड में से कोई विकल्प चुनें, जानकारी दर्ज करें, डेबिट अकाउंट चुनें, UPI PIN दर्ज कर ट्रांजैक्शन पूरा करें। इसके अलावा IMPS, NEFT और RTGS भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**ग्राहकों को क्या करना चाहिए?**

SBI ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे समय रहते mCASH का उपयोग बंद कर अन्य विकल्प अपनाना शुरू करें, UPI ऐप (BHIM SBI Pay) डाउनलोड कर सक्रिय करें, IMPS/NEFT/RTGS जैसी सुविधाओं से परिचित हों। यह परिवर्तन डिजिटल भुगतान को और अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। mCASH सेवा का बंद होना डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में बदलाव का संकेत है, जिसमें अब UPI सबसे बड़ा और सबसे सुरक्षित माध्यम बनकर उभरा है।

## रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला

समर न्यूज | अमृतसर

सीमा सुरक्षा बल ने अटारी-वाघा बॉर्डर पर होने वाली दुनिया भर में मशहूर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया है। सर्द मौसम की शुरुआत, सूरज जल्दी ढलने और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीएसएफ ने यह निर्णय लिया है। अधिकारियों ने बताया कि अब यह सेरेमनी शाम 4:30 बजे शुरू होकर 5:00 बजे तक चलेगी। इससे पहले इसका समय 5:00 से 5:30 बजे तक निर्धारित था। बीएसएफ अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव फिलहाल सर्दियों के मौसम के लिए लागू किया गया है और आगे आवश्यकता के अनुसार समय फिर बदला जा सकता है।

# अम्बाला में एक्सीडेंट में कटी जीभ, डेढ़ घंटे नागरिक अस्पतालों में भटकता रहा मरीज

## डॉक्टरों की अनदेखी का आरोप, मरीज को देर रात सेक्टर-32 किया गया रेफर

समर न्यूज़ | अंबाला




सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक मरीज शनिवार रात अंबाला के नागरिक अस्पतालों में डेढ़ घंटे तक इलाज के लिए भटकता रहा, लेकिन उसे न उचित उपचार मिला और न समय पर रेफर किया गया।

आरोप है कि मरीज को कैंट और सिटी दोनों ही अस्पतालों में ना सिर्फ लापरवाही झेलनी पड़ी, बल्कि डॉक्टरों के असंवेदनशील व्यवहार का सामना भी करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, 45 वर्षीय जसपाल सिंह का शनिवार शाम करीब आठ बजे एक्सीडेंट हो गया था।

हादसे में उनकी जीभ कट गई और सीने में भी चोट लगी। एंबुलेंस के जरिए उन्हें अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ ने एक्स-रे सुविधा उपलब्ध न होने की बात कहकर उन्हें रोटरी अस्पताल या अंबाला सिटी स्थित नागरिक अस्पताल भेज दिया।

मरीज जैसे-तैसे अंबाला सिटी अस्पताल पहुंचा, लेकिन आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉ. महेश और डॉ. गौरव ने न तो उनका प्राथमिक उपचार किया और न ही हालत को देखते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू की।

मरीज का कहना है कि डॉक्टरों ने उसे सिर्फ एक्स-रे कराने वाले मरीज की तरह समझा और कहा कि जांच कराने के बाद वह कैंट अस्पताल में जाकर ही इलाज कराए। जीभ से लगातार खून बहने और हालत बिगड़ने पर जब राहत न मिली तो मरीज ने अपने परिचितों को फोन किया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के हस्तक्षेप पर रात करीब साढ़े 11 बजे उसे चंडीगढ़ सेक्टर-32 के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। घटना को लेकर मरीज और परिजन बेहद आक्रोश में हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर प्राथमिक इलाज मिल जाता तो दर्द और मुश्किलें कम हो सकती थीं। अस्पताल प्रशासन की ओर से घटना पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

# आयुष विभाग ने लॉन्च किया ड्रग इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम, दवा आपूर्ति होगी पारदर्शी

## हरियाणा में दवा सप्लाई चेन ऑनलाइन, दवा प्रबंधन अब होगा डिजिटल और पारदर्शी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा के आयुष विभाग ने दवाओं की खरीद, भंडारण और वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए ड्रग इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम लागू कर दिया है। इस सिस्टम के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक, उपयोग और सप्लाई से जुड़े सभी रिकॉर्ड अब ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे।

विभाग का मानना है कि इससे प्रबंधन अधिक आधुनिक, सुगम और त्रुटिरहित हो सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में आयुष क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं ताकि जनता को गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय उपचार उपलब्ध हो।

उन्होंने बताया कि सभी आयुष संस्थानों में दवाओं की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निदेशालय लगातार निगरानी कर रहा है, और किसी भी केंद्र में कमी न हो इसके लिए वितरण प्रणाली को और मजबूत किया गया है।

इसके साथ ही, पूरे राज्य की योगशालाओं के संचालन हेतु पंचायती राज संस्थाओं को विस्तृत दिशा-निर्देश भेजे गए हैं। योगशालाओं में प्रतिदिन निर्धारित योग दिनचर्या का पालन किया जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग नियमित अभ्यास से लाभान्वित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह विश्वविद्यालय आयुष पद्धति की उच्च शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। अत्याधुनिक अवसंरचना के साथ यह संस्थान हरियाणा सहित उत्तर भारत में आयुष शिक्षा को नई पहचान देगा।

# रायपुर-बिलासपुर हाइवे पर हादसा, रोहतक के तीन युवकों की मौत

## कार का टायर फटने से हुआ हादसा, हिमांशु और अमित थे परिवार के इकलौते बेटे

समर न्यूज़ | जींद



रोहतक। छत्तीसगढ़ के रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में रोहतक के तीन युवकों की मौत हो गई। समरगोपालपुर खुर्द निवासी हिमांशु (22), बोहर निवासी विकास नांदल (27) और मकडौली निवासी अमित उर्फ यशवीर आर्य (26) बेलेनो कार से रायपुर से लौट रहे थे। रात करीब नौ बजे मान ढाबा के समीप उनकी कार का टायर अचानक फट गया। टायर फटते ही कार अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंच गई, तभी बिलासपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद एक युवक कार में फंस गया, जिसे पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। तीनों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, तीनों युवक रायपुर में खरीदी गई जमीन से जुड़े कार्य निपटाकर वापस लौट रहे थे। हिमांशु और अमित अपने परिवारों के इकलौते बेटे थे। हिमांशु के माता-पिता और एक बहन तथा अमित के माता-पिता और एक बहन अब बेसहारा हो गए हैं। वहीं विकास नांदल के परिवार में उसके माता-पिता, एक भाई और एक बहन हैं। अचानक हुए इस हादसे से तीनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद

# ऑपरेशन ट्रैकडाउन में जींद पुलिस की बड़ी सफलता, देसी पिस्तौल सहित युवक काबू

समर न्यूज़ | जींद



जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत थाना शहर जींद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

थाना शहर जींद प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम पुराना सफीदों गेट क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि खाकी लोवर और काली टी-शर्ट पहने एक युवक संदिग्ध हालत में गली में खड़ा है और उसके पास हथियार होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे काबू कर लिया।

आरोपी की पहचान सन्नी निवासी नगूरां के रूप में हुई। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसने देसी पिस्तौल और कारतूस अपने किराये के कमरे के पास स्थित टावर के नीचे छिपाकर रखे हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हथियार बरामद कर लिए। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## अज्ञात कार चालक मौके से फरार, पुलिस जांच में जुटी

समर न्यूज़ | जगाधरी



विजय नगर कॉलोनी में सिटी मार्बल फैक्टरी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जगाधरी की विशाल कॉलोनी निवासी रोशनी देवी ने शिकायत में बताया कि उनका 35 वर्षीय बेटा संदीप कुमार पेंट का काम करता था। शुक्रवार शाम वह घर से दवा और मजदूरी के रुपये लेने के लिए बाइक पर निकला था। इसी दौरान विजय नगर कॉलोनी में तेज रफ्तार व लापरवाही से चल रही अज्ञात कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही संदीप सड़क पर गिर पड़ा और कार चालक उसे कुचलते हुए फरार हो गया। राहगीरों ने घायल संदीप को रिक्शे से स्थानीय निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे एंबुलेंस द्वारा जिला नागरिक अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर बूड़िया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और रोशनी देवी की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। संदीप अपने मां, भाई और बहन के साथ रहता था। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं, जबकि उसकी पत्नी कई सालों से मायके में रह रही है।

# बास रोड में दंपती ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

## नोटबुक में मिला दो लाइन का सुसाइड नोट

समर न्यूज़ | रेवाड़ी/धारूहेड़ा

बास रोड स्थित संतोष कॉलोनी में शनिवार दोपहर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां किराये के कमरे में रह रहे पति-पत्नी ने एक ही फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से एक नोटबुक में दो लाइन का सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है दोनों अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहे हैं। दोनों को एक ही चिता पर लिटा देना व हमारी डेडबॉडी मां-बाप को दे देना। हमारा सारा सामान मेरे छोटे भाई को दे देना। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के सागर जिले के बरपानी गांव के रहने वाले 25 वर्षीय राजकुमार और 22 वर्षीय हाली की शादी वर्ष 2020 में लव मैरिज के तौर पर हुई थी। दंपती पिछले तीन वर्षों से संतोष कॉलोनी में किराये पर रह रहे थे। राजकुमार भिवाड़ी की एक फैक्टरी में श्रमिक के रूप में कार्यरत था। उसके माता-पिता और छोटा भाई भी इसी कॉलोनी में अपना मकान बनाकर रहते हैं।

पड़ोसियों के अनुसार शनिवार दोपहर कमरे में कोई हलचल न होने पर शंका हुई। दरवाज़ा खोलने पर दोनों को फंदे पर लटका पाया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शादी के पांच साल बाद भी बच्चा न होने से दंपती तनाव में रहते थे। हालांकि पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के पीछे वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि सुसाइड नोट बरामद कर लिया गया है और मामले के सभी पहलुओं को देखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# 10 मीटर एयरपिस्टल में करनाल के सम्राट ने जीता गोल्ड



समर न्यूज़ | करनाल

युवा भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। करनाल के सम्राट ने फाइनल में 243.7 अंक हासिल कर चीन के हू काई को पछाड़ा।

काई ने 243.3 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में इतिहास रचने वाले सम्राट राणा का घर पहुंचने पर राजपूत धर्मशाला में जोरदार स्वागत किया गया। सम्राट राणा ने मिस्र के काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ 10-मीटर एयर पिस्टल सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल तीन मेडल हासिल किए, जिनमें दो स्वर्ण और एक रजत पदक शामिल है।

सम्राट राणा ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्होंने देश, गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह उनकी पहली सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप थी। उन्होंने अंतिम शॉट तक अपनी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित रखा। सम्राट ने अपनी सफलता का श्रेय पूरे भारत को दिया।

# केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने 14 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

समर न्यूज़ | पलवल



केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को पलवल जिले के गांव भुलवाना में लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें बारात घर, विभिन्न समाजों की चौपालें, कई सड़कों का निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा गांव के चमेली वन के लिए चार करोड़ रुपये, पेयजल सुविधा के लिए बूस्टर निर्माण पर 3.5 करोड़ रुपये तथा भुलवाना को चमेली वन से जोड़ने वाली दो सड़कों के लिए तीन करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।

हाइवे से गांव को जोड़ने वाली सड़क के लिए 35 लाख रुपये और यूपी मार्ग से कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए एक करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। जनसभा को संबोधित करते हुए गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया कट्टाराज वाले बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में आठ करोड़ मतदाताओं और 243 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान इसका प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि लालू यादव के शासन में बूथ कैप्चरिंग, गोलीबारी और हजारों बूथों पर रिपोलिंग जैसी घटनाएं आम थीं, जबकि आज एनडीए सरकार ने कानून का राज स्थापित किया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि "जहां कांग्रेस जीतती है, वहां उन्हें कोई कमी नहीं दिखती, लेकिन हार मिलते ही ईवीएम और संस्थाओं पर आरोप लगाने लगते हैं। यह उनकी हताशा का परिणाम है।

**विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं** : कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और होडल विधायक हरेंद्र रामरतन के प्रयासों से होडल विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों करोड़ के विकास कार्य चल रहे हैं। गांव भुलवाना में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तीन करोड़ रुपये की लागत से नया बूस्टर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जहां जहां एनडीए की सरकारें हैं, वहां सुशासन और विकास दिखाई देता है। उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है और भारत की वैश्विक पहचान और प्रभाव बढ़ा है।

# पीजी कॉलेज अंबाला कैंट में दो करोड़ का गबन, एसीबी ने दस के खिलाफ किया केस दर्ज

## फर्जी खरीद, अवैध निर्माण और जीएसटी नंबरों में धांधली की बात आई सामने

समर न्यूज़ | अंबाला

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राजकीय पीजी कॉलेज अंबाला कैंट में सरकारी खरीद नियमों के उल्लंघन, सरकारी धन के गबन और जालसाजी के गंभीर आरोपों में तत्कालीन एवं पूर्व प्राचार्यों, सहायक प्रोफेसरों और वेंडरों सहित कुल दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

यह एफआईआर 14 नवंबर को अंबाला रेंज एसीबी के डीएसपी ओम प्रकाश की तहरीर पर दर्ज की गई। जिन अधिकारियों पर केस हुआ है, उनमें तत्कालीन प्राचार्य अरुण जोशी, पूर्व प्राचार्य खुशीला, वर्तमान प्राचार्य देशराज बाजवा, इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर अतुल यादव, भूगोल विभाग के अजय चौहान, अंग्रेजी विभाग के मुनीष त्रिगठिया, वेंडर राकेश कालरा, राकेश कुमार, आशीष और दिवंगत प्रिंसिपल संजय कुमार का नाम शामिल है। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी, जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल और लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात समेत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के आरोप लगाए गए हैं। मामले की शिकायत करनाल निवासी रमेश अहलावत ने 5 जून 2024 को ईमेल के जरिए एसीबी को भेजी थी। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी ने जांच की और अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने रखीं।

**समिति की प्रमुख निष्कर्ष** : खरीद और बिलिंग में फर्जी जीएसटी नंबर व गलत एचएसएन कोड का उपयोग, खरीद प्रक्रिया जैम पोर्टल से न कर सीधे वेंडरों से बिल बनाना, वर्ष 2021 से अब तक लगभग दो करोड़ के सरकारी धन का दुरुपयोग, कॉलेज में निर्माण कार्य पीडब्यूडी से कराए बिना निजी स्तर पर कराना, कई वेंडरों के जीएसटी नंबर गलत, पता अमान्य या अस्तित्वहीन पाया गया। मुख्य सचिव ने समिति की रिपोर्ट के आधार पर एसीबी को जांच सौंपने के निर्देश दिए। अब इस एफआईआर की आगे की जांच महिला निरीक्षक नन्ही देवी कर रही हैं।

ट्रैकडाउन | हरियाणा पुलिस का संगठित अपराध पर बड़ा प्रहार

# ऑपरेशन ट्रैकडाउन, एक दिन में 257 अपराधी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा पुलिस ने अपराधियों के हौसले पस्त करते हुए राज्यव्यापी अभियान ऑपरेशन ट्रैकडाउन में एक बार फिर बड़ी सफलता दर्ज की। 14 नवंबर को चले विशेष अभियान में पुलिस ने विभिन्न संगीन मामलों में शामिल 257 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और अवैध हथियारों से जुड़े 42 गंभीर केस दर्ज किए गए तथा 62 आरोपियों को जेल भेजा गया।

एक दिवसीय अभियान में 76 कुख्यात अपराधियों को दबोचा गया, जबकि अन्य मामलों में 181 गिरफ्तारी की गईं। हत्या के 9 मामलों में 23 और हत्या के प्रयास के 13 मामलों में 16 अपराधी पकड़े गए। आर्म्स एक्ट के 14 मामलों में 15 आरोपियों को काबू किया गया। अभियान के दौरान 13 नए अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोली गई, जिससे कुल संख्या 131 हो गई है।

**10 दिन की कार्रवाई 2,860 अपराधी गिरफ्तार** : पिछले 10 दिनों में पुलिस ने बड़ा अभियान चलाते हुए 514 कुख्यात अपराधियों सहित 2,346 वांछित अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। इस तरह ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत अब तक 2,860 अपराधी कानून की पकड़ में आ चुके हैं। एसपी भिवानी सुमित कुमार के निर्देश पर सीआईए-1 टीम ने हत्या के मामले में वांछित इनामी आरोपी नवीन पुत्र संजय निवासी चरखी दादरी को तोशाम बाईपास से गिरफ्तार किया। आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित था और वह जुलाई में हुए जमीनी विवाद में करण सिंह की मौत के मामले में फरार चल रहा था। आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**करनाल पुलिस ने तोड़ा हथियार सप्लाई नेटवर्क** : संगठित अपराध पर करारा प्रहार करते हुए करनाल पुलिस की सीआईए-2 टीम ने मेडिकल स्टोर पर फायरिंग मामले में शामिल हथियार सप्लायर बादल पुत्र विमल साहनी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ जिले में पहले ही एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास और दंगा सहित 15 केस दर्ज हैं। पुलिस अब उसके अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क और आर्थिक स्रोतों की जांच कर रही है।

# मुंबई से लेकर विदेशों तक हिमाचली युवा भर रहे हैं नई उड़ान -सुधीर शर्मा

**समर न्यूज़ | शिमला**

मुंबई में हिमाचल मित्र मंडल के 74वें स्थापना दिवस समारोह में हिमाचली संस्कृति का भव्य रंग दिखाई दिया। धर्मशाला के विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता और धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे जहां आयोजकों ने उन्हें सम्मानित किया और हिमाचल तथा हिमाचलियों के प्रति उनके योगदान की सराहना की। बड़ी संख्या में उपस्थित हिमाचलियों ने इस आयोजन को अपनी जड़ों से जुड़ने का मजबूत अवसर बताया।

समारोह में हिमाचली नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने एक के बाद एक लोकप्रिय पहाड़ी नाटियाँ प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।







पूरी सभा तालियों से गूंज उठी और लोगों ने पहाड़ों की संस्कृति का वही अपनापन और वही स्वाद महसूस किया। इसी दौरान सुधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल की संस्कृति में जो सादगी, ऊर्जा और अपनापन है, वही दुनिया भर में बसे हिमाचलियों को एक-दूसरे से जोड़ता है और हर जगह हमारी पहचान को जीवित रखता है।


अपने संबोधन में विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचली युवा आज देश और दुनिया के हर मंच पर अपनी नई पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बड़े उद्योगों तक और शीर्ष कॉर्पोरेट कंपनियों के नेतृत्व पदों तक हिमाचल के लोग अपनी मेहनत, विनम्रता और क्षमता के दम पर मजबूती से उभर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचली स्वभाव में जो ईमानदारी, सहयोग की भावना और संस्कार हैं, वही उन्हें हर क्षेत्र में अलग पहचान दिलाते हैं। सुधीर शर्मा ने मुंबई जैसे महानगर में हिमाचली एकता और संस्कृति को जीवित रखने के लिए हिमाचल मित्र मंडल की भूमिका की विशेष सराहना की।हिमाचल मित्र मंडल के अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि मंडल का उद्देश्य मुंबई में बसे हिमाचलियों को एक साझा मंच पर जोड़ना और उनकी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।

उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस जैसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव हैं, बल्कि वे हिमाचलियों के आपसी सहयोग, पहचान और एकजुटता की सशक्त मिसाल भी हैं। अंत में सुधीर शर्मा ने सभी उपस्थित हिमाचलियों के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें सम्मानित किया।

# लाहौल-स्पीति में माइनस तापमान, मैदानी जिलों में बढ़ी ठिठुरन

## अगले एक हफ्ते तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना



**समर न्यूज़ | शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पर्वतीय इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे जा पहुंचा है, जबकि मैदानी हिस्सों में भी ठिठुरन तेज हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक कई जिलों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहेगा। बीते 24 घंटों में 27 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। इनमें से 12 स्थानों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम रहा और तीन क्षेत्रों में पारा शून्य से नीचे गिर गया। लाहौल–स्पीति के ताबो में सबसे कम तापमान माइनस 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, वहीं कुकुमसैरी में माइनस 3.1 और केलांग में माइनस 3.3 डिग्री रहा। मैदानी जिलों में भी सर्दी बढ़ी है। नाहन का तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री गिरकर 8.9 डिग्री पर पहुंच गया जबकि पालमपुर में 4.5 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक अगले छह दिन बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं है, मगर रातें और भी सर्द होंगी। लोग अब गर्म कपड़ों और हीटिंग उपकरणों पर निर्भर होते जा रहे हैं।

# पति ने पत्नी पर तेजाब फेंकने के बाद छत से दिया धक्का

## गंभीर हालत में महिला एम्स बिलासपुर रैफर, आरोपी गिरफ्तार

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

मंडी शहर के सैण मोहल्ले में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर तेजाब फेंकने के बाद उसे छत से नीचे धक्का दे दिया।

41 वर्षीय ममता गंभीर रूप से झुलस गई हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है।

आरोपी पति नंदलाल मंडी में चाय की दुकान चलाता है। पड़ोसियों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था।




शनिवार शाम विवाद बढ़ा तो आरोपी ने गुस्से में यह अमानवीय कृत्य कर दिया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि तेजाब कहां से लाया गया और विवाद के पीछे असली कारण क्या था, इसकी जांच चल रही है। दंपत्ति के दो बच्चों पर यह घटना गहरा सदमा छोड़ गई है।

# पंचायत चुनाव में बड़ा बदलाव, 76 पद खत्म, 71 नए जोड़े जाएंगे

**समर न्यूज़ | शिमला**

प्रदेश में इस बार होने वाले पंचायती राज चुनावों का गणित पूरी तरह बदल गया है।

पंचायतों की संख्या घटने और नए प्रशासनिक पुनर्गठन के कारण प्रतिनिधियों की संख्या में व्यापक बदलाव किया गया है। नई संरचना के अनुसार, 76 प्रधान और उपप्रधान पद समाप्त कर दिए गए हैं। साथ ही पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर 71 नए पद जोड़े गए हैं। अब कुल 30,317 प्रतिनिधियों का चुनाव होगा, जबकि 2021 में यह संख्या 30,578 थी। नई इकाइयों के तहत विकासखंडों की संख्या 81 से



बढ़कर 91 हो गई है, जिससे समिति सदस्यों की संख्या 1766 तक पहुंच जाएगी। जिला परिषद सदस्य अब 250 होंगे। यह बदलाव ग्रामीण प्रशासन को और संगठित संरचना प्रदान करेंगे।

# प्राकृतिक खेती से समृद्धि की राह, किसानों को एक सीजन में तीन लाख तक मुनाफा

**अरविंद | हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बन रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पहल से किसान रासायनिक खाद छोड़कर जैविक तरीकों की ओर बढ़ रहे हैं। नादौन की ग्राम पंचायत ग्वालपत्थर के किसान कमल किशोर, कुसुम लता और मदन लाल ने गोबर खाद व जीवामृत से खेती शुरू की और अब एक सीजन में ढाई से तीन लाख रुपये तक की आमदनी कमा रहे हैं। प्राकृतिक खेती से लागत घट गई है, फसलों की गुणवत्ता बढ़ी है और बाजार में ऊंचे दाम मिल रहे हैं। गांव के खेत अब पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक आत्मनिर्भरता दोनों के प्रतीक बन रहे हैं।



# विपक्ष का वार, अनिल शर्मा बोले-तीन साल की एक उपलब्धि बताए सरकार

## सुक्खू सरकार के जश्न पर भाजपा का हमला, कहा विकास सिर्फ कागजों में

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मंडी में आयोजित समारोह राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गया है।

भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि तीन साल में विकास के नाम पर एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने मंडी के अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को कमजोर किया है और जनता को केवल झूठे वादे दिए हैं। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि वे अपने कार्यकाल की एक उपलब्धि गिनाएं। शर्मा ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा को बधाई दी और कहा कि हिमाचल की जनता भी 2027 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करेगी।

# मां चिंतपूर्णी धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब, प्रशासन ने संभाली व्यवस्था

## वीकेंड पर उमड़े हजारों भक्त, थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने स्वयं की निगरानी

**समर न्यूज़ | चिंतपूर्णी**

रविवार को मां चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर मार्ग, मुख्य बाजार और बस अड्डा क्षेत्र में लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं।

वीकेंड होने के कारण आम दिनों की तुलना में भक्तों की संख्या कई गुना अधिक रही। भीड़ के प्रबंधन के लिए चिंतपूर्णी पुलिस ने विशेष इंतजाम किए थे। थाना प्रभारी जयराम शर्मा स्वयं पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त पर निकले और मंदिर परिसर, पार्किंग




स्थलों तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी जरूरतों की जानकारी ली और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन ने पूरे दिन मंदिर क्षेत्र में गश्त तेज रखी और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए। वाहनों की पार्किंग और यातायात व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित रखा गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। हेल्प डेस्क पर मौजूद कर्मियों ने आने वाले भक्तों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की। प्रशासन की अपील पर श्रद्धालुओं ने अनुशासन बनाए रखा, जिसके चलते मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धा और शांति का वातावरण बना रहा। दिनभर की भारी भीड़ के बावजूद किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

# कांगड़ा में फर्जी शादी रैकेट का भंडाफोड़

## पांच गिरफ्तार, दुल्हन बनकर ठगी करने वाली तीन महिलाएं शामिल

**समर न्यूज़ | कांगड़ा**


नगरोटा बगवां पुलिस ने एक संगठित गिरोह को पकड़कर फर्जी शादी ठगी रैकेट का पर्दाफाश किया है। गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।गिरोह पंजाब और हिमाचल के युवकों की शादियां करवा कर बाद में गहने और नकदी लेकर फरार हो जाता था। शनिवार को सुजानपुर में एक नकली शादी की कोशिश के दौरान ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा। जांच में सामने आया कि गिरोह लंबे समय से ऐसे मामलों में सक्रिय था और इसके तार लुधियाना, जालंधर और फिरोजपुर तक फैले हुए हैं। पुलिस ने इस पूरे गिरोह के नेटवर्क की तहकीकात शुरू कर दी है।

# नूरपुर की जाछ पंचायत में रास्ता बंद, 150 परिवारों की मुश्किलें

**संजीव | नूरपुर**
**समर न्यूज़**

जाछ पंचायत के वार्ड नंबर 5 और 6 के निवासियों को चार सालों से बंद पड़े मुख्य मार्ग ने परेशान कर रखा है।

लगभग 150 परिवारों की आमद-जाने की सुविधा बाधित है। खेतों तक पहुंच न होने से उपजाऊ जमीनें भी बंजर होती जा रही हैं। ग्रामीणों ने पहले भी विधायक, सांसद और मंत्रियों से मदद मांगी, लेकिन





समाधान नहीं निकला। अब उन्होंने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई न हुई तो वे आंदोलन करेंगे। उपमंडल अधिकारी ने कहा कि मामला गंभीर है और उच्च अधिकारियों से लगातार चर्चा की जा रही है। जल्द उचित निर्णय लेकर राहत देने का आश्वासन दिया गया है।

# आउटसोर्सिंग मॉडल पर जयराम ठाकुर का निशाना, युवाओं से छल, अपने लोगों को लाभ

**समर न्यूज़ | शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर युवाओं को पक्की नौकरियों से वंचित करने और आउटसोर्सिंग के नाम पर लाभ अपने नजदीकी लोगों को पहुँचाने का आरोप लगाया है। शिमला में जारी बयान में उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियाँ युवाओं के हितों के खिलाफ हैं और चुनावी वादों से बिल्कुल उलट दिशा में काम कर रही हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार बिजली विभाग में आउटसोर्स पर बिजली मित्र नियुक्त करने की योजना बना रही है, जबकि चुनावों के दौरान युवाओं को ठूंजा साल वाली पक्की नौकरी देने की बात जोर शोर से कही गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि "मित्र योजना" के नाम पर युवाओं को केवल नाममात्र का मानदेय दिया जा रहा है, जबकि मुख्यमंत्री अपने खास लोगों को उच्च वेतन वाली नौकरियों और सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ दे रहे हैं।



उन्होंने कहा कि सरकार पक्की भर्तियों से लगातार बच रही है और आउटसोर्स मॉडल को बढ़ावा देने के पीछे भी पारदर्शिता नहीं है। उनके अनुसार, सरकार के संरक्षण में कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा आउटसोर्स कंपनियां बनाई गईं, जिनके माध्यम से नौकरियों के नाम पर वसूली का खेल चला। इस गिरोह में शामिल लोग मुख्यमंत्री के बेहद नजदीकी बताए जाते हैं, और इन्हीं के चलते आउटसोर्स एजेंसियों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

# मनरेगा ई-केवाईसी में हिमाचल देश में अव्वल 56.3 फीसदी काम पूरा कर बड़े राज्यों को पीछे छोड़ा

**समर न्यूज़ | शिमला**

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद हिमाचल प्रदेश ने मनरेगा श्रमिक ई-केवाईसी प्रक्रिया में देशभर में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। 14 नवंबर तक राज्य के 56.3 प्रतिशत श्रमिक ई-केवाईसी कर चुके हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 53.51 प्रतिशत है।

प्रदेश के 7.85 लाख से अधिक श्रमिकों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली है। मंडी जिला 1,98,971 ई-केवाईसी के साथ सबसे आगे है, उसके बाद चंबा (1,28,780) और कांगड़ा (1,06,621) आते हैं। सीमांत क्षेत्रों किन्नौर और लाहौल–स्पीति ने भी सराहनीय प्रगति की है। यह सफलता हिमाचल की डिजिटल पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। मनरेगा के अंतर्गत 266 प्रकार के कार्य शामिल हैं, जिनसे ग्रामीण विकास और रोजगार दोनों को बल मिल रहा है।



**राष्ट्रीय प्रेस दिवस**

## 16 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय प्रेस दिवस भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का प्रतीक है

# जनता की आवाज को सशक्त बनाना, लोकतंत्र को मजबूत बनाना : कर्ण नंदा

**समर न्यूज़ | शिमला**

भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 के अवसर पर बधाई देते हुए कहा "जनता की आवाज़ को सशक्त बनाना, लोकतंत्र को मज़बूत बनाना" इस आदर्श वाक्य के साथ पत्रकारिता ने सदियों से एक मजबूत यात्रा देखी है।

नंदा ने कहा कि 16 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय प्रेस दिवस भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का प्रतीक है। भारत में पंजीकृत प्रकाशनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2004-05 में 60,143 से बढ़कर 2024-25 में 1.54 लाख हो गई है, यह देश में पत्रकारिता का बढ़ता लौ दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम, 1955, प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण अधिनियम 2023 जैसे हालिया सुधारों के साथ मिलकर पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करता है और मीडिया विनियमन को आधुनिक बनाता है।

### पत्रकार कल्याण योजना 2019 में इसमें हुआ था संशोधन : नंदा

नंदा ने कहा कि यह योजना मूल रूप से वर्ष 2001 में शुरू की गई थी और 2019 में इसमें संशोधन किया गया। पत्रकार कल्याण योजना का मुख्य उद्देश्य अत्यंत कष्ट में रह रहे



पत्रकारों और उनके परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत उपलब्ध सहायता की जानकारी देते हुए नंदा ने कहा कि अत्यधिक कठिनाई के कारण पत्रकार की मृत्यु होने पर परिवार को 5 लाख रुपये तक की सहायता मिलना, स्थायी विकलांगता की स्थिति में पत्रकार को 5 लाख रुपये तक की सहायता, गंभीर बीमारियों (कैंसर, गुर्दे की विफलता, हृदय शल्य चिकित्सा, एंजियोप्लास्टी, मस्तिष्क रक्तस्राव, लकवाग्रस्त दौरा, आदि) के उपचार के लिए 3 लाख रुपये तक की राशि, जो सीजीएचएस/बीमा के अंतर्गत कवरेज के अधीन नहीं है; 65 वर्ष से अधिक आयु के गैर-मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए उपलब्ध नहीं है (समिति द्वारा आयु में छूट दी जा सकती है) और दुर्घटना से संबंधित गंभीर चोटों के लिए 2 लाख रुपये तक की सहायता, जिसके लिए अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता होती है, जो सीजीएचएस/बीमा के अंतर्गत कवरेज के अधीन नहीं है; गैर-मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए, (ii), (iii), (iv) के लिए सहायता 5 वर्ष के कार्य के लिए 1 लाख रुपये तक सीमित है, साथ ही निर्धारित सीमा तक प्रत्येक अतिरिक्त 5 वर्ष के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है।

नंदा ने कहा राष्ट्रीय प्रेस दिवस (16 नवंबर) भारतीय प्रेस परिषद अधिनियम, 1965 के तहत 1966 में भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का प्रतीक है। 1965 के अधिनियम को बाद में 1975 में निरस्त कर दिया गया और उसके बाद एक नया अधिनियम बनाया गया। इस नए कानून के तहत, 1979 में भारतीय प्रेस परिषद का पुनर्गठन किया गया। एक स्वतंत्र निकाय के रूप में स्थापित, पीसीआई की प्राथमिक भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि प्रेस बाहरी प्रभावों से मुक्त रहते हुए पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखे। परिषद का विचार पहली बार 1956 में प्रथम प्रेस आयोग द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसने प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा और नैतिक रिपोर्टिंग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया था। भारत का जीवंत मीडिया परिदृश्य लगातार बढ़ रहा है, पंजीकृत प्रकाशन 2004-05 में 60,143 से बढ़कर 2024-25 में 1.54 लाख हो गए हैं।

# पीआरटीसी बस ने बुजुर्ग महिला को कुचला, शव के हुए कई टुकड़े

## हादसे के बाद ड्राइवर बस सहित फरार, स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश

**खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर**
**समर न्यूज़**

जीरकपुर-पटियाला रोड पर रविवार सुबह लक्की ढाबे से कुछ ही दूरी पर पीआरटीसी रोडवेज बस ने एक बुजुर्ग महिला को बस ने कुचल दिया।



महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर बस सहित फरार हो गया, जबकि स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है और जीरकपुर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीआरटीसी बस तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही थी। बुजुर्ग महिला सड़क पार कर रही थी तभी बस उससे टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिर गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला के शव के कई टुकड़े सड़क पर बिखर गए। घटना के बाद आस-पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को डेराबस्सी सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बस का नंबर और ड्राइवर की पहचान की जा सके। इसके अलावा पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि बस ड्राइवर लंबे समय से इसी रूट पर लापरवाही से बस दौड़ाता है, परंतु इस बार उसकी लापरवाही ने एक निर्दोष महिला की जान ले ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस रूट पर दिनभर भारी ट्रैफिक दबाव रहता है, लेकिन रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए। लोगों ने पुलिस और परिवहन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई और नियमित निगरानी की मांग की। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# सरस मेले में कला, संस्कृति और स्वाद ने जीता लोगों का दिल

## पारंपरिक कला, शिल्प और क्षेत्रीय भोजन के प्रति दिखा लोगों का क्रेज

**समर न्यूज़ | पंचकूला**



सेक्टर-5 परेड ग्राउंड में 6 नवंबर से 17 नवंबर तक आयोजित सरस मेला इस वर्ष भी लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह और आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विशेषकर शनिवार और रविवार को मेले में अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली। मेले में पारंपरिक कला, शिल्प और क्षेत्रीय भोजन के साथ-साथ इस बार लोगों में ड्राई फ्रूट्स के प्रति विशेष क्रेज देखने को मिल रहा है। विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों और उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं।

इसके अलावा मेले में रोजाना आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आगंतुकों का मन मोह रहे हैं। लोकनृत्य, संगीत प्रस्तुति और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में परिवार, युवा और बच्चे मेले में पहुंच रहे हैं। सरस मेला न केवल खरीददारी और स्वादिष्ट व्यंजनों का केंद्र है, बल्कि भारत की विविध संस्कृति और परंपराओं को एक मंच पर लाने का सुंदर प्रयास भी है। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे मेले का आनंद लेते समय यातायात नियमों का पालन करें और व्यवस्थाओं में सहयोग दें।

# मोहाली में सड़क पर घूमते पालतू पशु होंगे जब्त

## पालतू पशु पकड़े जाने पर मालिक को देना होगा बीस हजार रुपये जुर्माना

**हरजीत मठारू | मोहाली**
**समर न्यूज़**

नगर निगम ने शहर में बढ़ रही अव्यवस्था और आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए एक बड़ा और सख्त फैसला लिया है। निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि अब यदि कोई भी पालतू पशु, कुत्ता सड़क पर बिना निगरानी घूमता पाया जाता है, तो उसे तुरंत नगर निगम की टीम द्वारा जब्त कर लिया जाएगा।

नगर निगम के नए नियमों के अनुसार, यदि किसी मालिक का पालतू पशु निगम द्वारा पकड़ा जाता है, तो उसे अपने पशु को वापस लेने के लिए बीस हजार रुपये का जुर्माना भरना होगा।

यह राशि मालिक पर जिम्मेदारी सुनिश्चित करने और शहर में पालतू पशुओं की अनियंत्रित आवाजाही को रोकने के लिए तय की गई है। इसके अलावा, निगम ने यह भी फैसला लिया है कि यदि पशु को लेने के लिए उसका मालिक निर्धारित समय सीमा के भीतर नहीं पहुंचता तो उस पशु की नीलामी कर दी जाएगी। यह कदम नगर निगम द्वारा पशुओं के रख-रखाव पर आने वाली लागत को देखते हुए उठाया गया है।

# टेबल टेनिस चैंपियनशिप के विजेताओं को सांसद कार्तिकेय शर्मा ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

## सेक्टर-3 ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

पंचकूला, सेक्टर-3 ताऊ देवीलाल स्टेडियम में चौथी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। आयोजन में क्लोजिंग सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कार्तिकेय शर्मा पहुंचे। यह कार्यक्रम हरियाणा टेबल टेनिस असोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान सांसद कार्तिकेय शर्मा ने महिला और पुरुष वर्ग के फाइनल मैच देखे और विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और कैश प्राइज से भी सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने भी टेबल टेनिस पर अपने हाथ आजमाए और खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि




चौथी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के इस भव्य आयोजन में उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और आनंद का विषय है और यह गर्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह प्रतियोगिता हरियाणा की खेल-धरा, पंचकूला में आयोजित हो रही है। उन्होंने हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन तथा टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को इस उत्तम और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी।

उन्होंने कहा अंडर-11 के नन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से लेकर वरिष्ठ अनुभवी खिलाड़ियों तक यह चैंपियनशिप भारत की उभरती खेल शक्ति का जीवंत उत्सव है। टेबल टेनिस गति, सूझ-बूझ और चपलता का अनोखा संगम है। 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आती गेंद को संभालना पल भर में निर्णय लेने की कला मांगता है। यह खेल केवल कौशल नहीं, बल्कि वर्षों की साधना, अनुशासन और धैर्य की कठोर परीक्षा है। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा की 2018 में मनिका बत्रा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला सिंगल्स में स्वर्ण जीत कर भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। भारत के टेबल टेनिस के स्तंभ-अचूक धैर्य और दृढ़ता के प्रतीक-शरत कमल का योगदान अविस्मरणीय है। यही जज्बा आज यहां मौजूद हर खिलाड़ी अपने भीतर लेकर आया है। जीत भले आज न मिले पर अनुभव अवश्य मिलेगा। साथ ही, उन मौन सहयोगियों- माता-पिता, प्रशिक्षकों और अधिकारियों का भी विशेष आभार, जिनकी मेहनत खिलाड़ियों के प्रदर्शन में झलकती है।

# पंजाब घुड़सवारी महोत्सव 2.0 का पलनपुर में भव्य समापन

## खिलाड़ियों ने दिखाई दमदार प्रतिभा, मीत हेयर बोले, सरकार पारंपरिक खेलों को दे रही नई उड़ान

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

एसएएस नगर के पलनपुर में रविवार को पंजाब घुड़सवारी महोत्सव 2.0 का शानदार समापन हुआ। कार्यक्रम में घुड़सवारी खेलों में पंजाब की बढ़ती ताकत और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भरपूर प्रदर्शन देखने को मिला।



समापन समारोह में पहुंचे सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि घुड़सवारी महोत्सव लंबे समय से घुड़सवार प्रेमियों की इच्छा रहा है और मौजूदा सरकार ने इसे वार्षिक आयोजन बनाकर इस सपने को साकार किया है। उन्होंने बताया कि पलनपुर में पंचायती जमीन पर पेशेवर घुड़सवारी रिंग की स्थापना इस खेल को नई दिशा देने वाला कदम है। उन्होंने पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन और आयोजकों हरजिंदर सिंह खोसा, दीपिंदर सिंह बराड़ और हरमन सिंह खैरा के प्रयासों की भी प्रशंसा की। समारोह में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार पारंपरिक खेलों और राज्य की विरासत को संजोने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम में विधायक अमृतपाल सिंह सुखानंद, जिला योजना समिति चेयरपर्सन प्रभजोत कौर, सूचना आयुक्त भूपिंदर सिंह बाथ और आप प्रवक्ता हरसुखिंदर सिंह बब्बी बादल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। नोडल अधिकारी एडीसी (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी और एसडीएम खरड़ दिव्या पी ने बताया कि महोत्सव में विभिन्न कैटेगरी में कई रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें क्षेत्र भर के घुड़सवारों ने प्रतिभा दिखाई। समापन के दौरान जिला खेल अधिकारी रूपेश बेगरा समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जजपा का 8वां स्थापना दिवस 7 दिसंबर को जुलाना में होगा

## सेक्टर-21 में हुई जिला संगठन की बैठक



**समर न्यूज़ | पंचकूला**

जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) अपना 8वां स्थापना दिवस जुलाना (जींद) में 7 दिसंबर 2025 को बड़े पैमाने पर मनाएगी। इस आयोजन को महा रैली के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर से लाखों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के पहुंचने की संभावना है। पंचकूला जिला संगठन की बैठक आज सेक्टर-21 में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने की। बैठक में पार्टी हाईकमान द्वारा नियुक्त प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह सोण्डा, तथा प्रदेश महिला प्रकोष्ठ प्रभारी किरण पूनिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सुरजीत सोंडा ने कहा कि जुलाना में होने वाला स्थापना दिवस पार्टी का साल का सबसे बड़ा आयोजन होगा। उन्होंने अपील की कि पंचकूला से भी भारी संख्या में कार्यकर्ता और आम लोग इस महा रैली में भाग लें। किरण पूनिया ने कार्यकर्त्ताओं को क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को 7 दिसंबर की रैली में शामिल होने का निमंत्रण देने को कहा।

जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने बताया कि स्थापना दिवस जेजेपी का सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक कार्यक्रम है, जिसे सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ही ऐसे नेता हैं जो युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और व्यापारियों सहित हर वर्ग की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ही पार्टियां लोगों को धर्म और जाति के नाम पर भ्रमित कर राजनीति करती हैं। बैठक में राष्ट्रीय कार्यालय सचिव धर्मवीर सिहाग, प्रदेश उपाध्यक्ष के.सी. भारद्वाज, हल्का पंचकूला अध्यक्ष राजेश निषाद, हल्का कालका अध्यक्ष मयंक लांबा, युवा जिला अध्यक्ष दीपक चौधरी, कार्यालय सचिव सुरिंदर चड्ढा, पूर्व पार्षद अरविंद जाखड़ सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीरकपुर में शराब ठेके के बाहर गाड़ी चढ़ाकर युवक की हत्या

**खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर**
**समर न्यूज़**

ओल्ड कालका रोड स्थित शराब के ठेके के पास देर रात करीब 11 बजे हुए एक खूनी विवाद में हैप्पी नामक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इलाके में लंबे समय से खुलेआम शराबखोरी और गुंडागर्दी का अड्डा बनने की शिकायतों के बावजूद पुलिस की कार्यवाही न होने पर स्थानीय निवासियों में गहरा रोष है। कुछ युवक ठेके के बाहर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान एक कार में सवार युवकों का वहां मौजूद अन्य लड़कों के साथ किसी बात पर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि झगड़ा अचानक इतना बढ़ा कि कार सवार युवक गाड़ी लेकर भागने लगे और इसी दौरान उन्होंने हैप्पी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हैप्पी मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत चंडीगढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक फरार हो गया। लोगों का आरोप है कि पुलिस को तत्काल सूचना दी गई थी, लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंची। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी वाहन की तलाश जारी है।



# घर से लापता दो सगी बहनें सकुशल बरामद

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए 2 नवंबर को घर से लापता दो सगी बहनों को उत्तराखंड से सकुशल बरामद कर परिजनों से मिला दिया है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले और फिलहाल पंचकूला में बसे एक युवक ने 3 नवंबर को सेक्टर-21 पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में उसने बताया कि उसकी दो बहनें जिनमें एक की उम्र 19 वर्ष तथा दूसरी की 16 वर्ष है, 2 नवंबर को बिना बताए घर से कहीं चली गई थीं और उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा था।




शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-5 में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और दोनों किशोरियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगातार तकनीकी और पारंपरिक जांच के जरिए सुराग जुटाए और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बहनों का उत्तराखंड में होने का पता लगाया। इसके बाद पुलिस चौकी सेक्टर-21 के इंचार्ज दीदार सिंह की टीम उत्तराखंड पहुंची और दोनों को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने दोनों बहनों को उनके भाई को बुलाकर सुरक्षित रूप से मिलवा दिया है। परिवार ने पंचकूला पुलिस की तत्परता और मेहनत के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**साइकलगिरि** | वर्ल्ड प्रीमैच्योरिटी डे पर साइकलगिरि द्वारा राइड इन साड़ी साइक्लोथॉन का आयोजन

# साड़ी पहनकर महिलाओं ने दौड़ाई साइकिल, पंजाबी गीतों पर किया ज़ुंबा

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

वर्ल्ड प्रीमैच्योरिटी डे के अवसर पर साइकलगिरि ने शनिवार को रंगारंग राइड इन साड़ी साइक्लोथॉन का आयोजन किया। इस अभियान का नेतृत्व साइकलगिरि की अध्यक्ष और कंसल्टेंट ऑब्स्टेट्रिशियन एवं गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. सुनैना बंसल ने किया।



इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में फिटनेस, निवारक स्वास्थ्य जांच और प्रारंभिक गर्भावस्था देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना था ताकि प्रीमैच्योरिटी जैसे जोखिमों को कम किया जा सके। साइक्लोथॉन सुबह सात बजे मदरहुड चैतन्या, सेक्टर 44 से शुरू होकर सुखना झील तक लगभग दस किलोमीटर तक चला। कार्यक्रम को पूर्व आईएमए अध्यक्ष, मेडिकल डायरेक्टर और हेड ऑफ पीडियाट्रिक्स डॉ. नीरज कुमार, और डॉ. पूनम गर्ग ने फ्लैग-ऑफ किया। महिला-प्रधान यह सवारी एक प्रतीकात्मक संदेश लेकर चली साड़ी, जो गर्माहट, सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक है, उसी मातृत्व शक्ति का द्योतक है जो समय से पहले जन्मे शिशुओं को सुरक्षा देती है। सौ से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस संदेश को मजबूती दी कि सक्रिय रहना, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांचें स्वस्थ गर्भावस्था और स्वस्थ शिशु की आधारशिला हैं।

साइक्लोथॉन के पश्चात प्रतिभागियों ने ऊर्जा से भरपूर जुम्बा सेशन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में रिफ्रेशमेंट और आकर्षक सरप्राइज गिफ्ट भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहीं डॉ. सुनैना बंसल ने कहा कि महिलाएं अक्सर अपनी सेहत को पीछे रख देती हैं, जबकि फिटनेस, निवारक जांचें और समय रहते देखभाल—स्वस्थ गर्भावस्था की नींव हैं। गर्भावस्था से पहले और दौरान सक्रिय रहना संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और समय से पहले प्रसव के जोखिम को काफी घटाता है। राइड इन साड़ी साइक्लोथॉन महिलाओं की शक्ति का उत्सव है और यह याद दिलाता है कि मां की सेहत ही उसके बच्चे का पहला तोहफा है।

पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि साड़ी पहनकर साइक्लिंग करना संतुलन और दृढ़ता मांगता है बिल्कुल उसी तरह जैसे एक प्रीमैच्योर शिशु का जीवन संघर्ष। यह राइड माताओं, केयरगिवर्स और हमारे एनआईसीयू टीमों को समर्पित है, जो हर छोटे योद्धा के साथ खड़ी रहती हैं।

जागरूकता, फिटनेस और समय पर देखभाल अनेक गर्भावस्था जटिलताओं को रोक सकती है और ऐसे आयोजन समुदाय तक यही संदेश पहुंचाते हैं।

# अब सिंगल नहीं हैं कृतिका कामरा



एक्ट्रेस कृतिका कामरा हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी निजी रही हैं, लेकिन हाल के उनके सोशल मीडिया पोस्ट्स ने फैन्स के बीच नई चर्चा छेड़ दी है।

उनके ताज़ा पोस्ट्स देखकर लोग यह अंदाज़ा लगा रहे हैं कि शायद कृतिका अब अपनी ज़िंदगी में किसी खास इंसान को जगह दे चुकी हैं। शुरुआत उनकी दीवाली पोस्ट से हुई, जहां कृतिका एक खूबसूरत पारंपरिक अंदाज में नजर आ रही थीं। लेकिन खास बात यह थी कि तस्वीर में वह किसी पुरुष का हाथ थामे नजर आ रही थीं, जिसका चेहरा जानबूझकर नहीं दिखाया गया था। तस्वीर ने तुरंत सबका ध्यान खींचा, और लोग यह पूछने लगे कि आखिर वह शख्स कौन है।

इसके बाद उनकी जन्मदिन की तस्वीरें ने और भी हलचल मचा दी। दोस्तों, जश्न और स्वादिष्ट खाने के बीच कुछ तस्वीरों ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। यहां तक कि उनके सहकर्मी भी मज़ाक में शामिल हुए फैन्स भी पीछे नहीं रहे - एक यूज़र ने लिखा, "पांचवीं तस्वीर में क्या चल रहा है? क्या यह सॉफ्ट लॉन्च है?" जबकि दूसरे ने पूछा, "#5 में क्या कहानी है?" जिससे कमेंट सेक्शन में सवालों और अटकलों की बाढ़ आ गई।

अब उनकी लेटेस्ट इंस्टाग्राम स्टोरी ने सबको और उत्सुक कर दिया - इसमें कृतिका आईने के सामने किसी के साथ खड़ी नजर आ रही हैं, लेकिन चेहरों को फिर से छिपाया गया है। इन छोटे-छोटे झलकियों से कृतिका ने अपने फैन्स को उतनी ही जानकारी दी है जिससे जिज्ञासा बनी रहे, लेकिन रहस्य भी बरकरार रहे।

हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक कृतिका एक प्यारे और स्थिर रिश्ते में हैं - और यह खबर सुनकर उनके फैन्स बेहद खुश हैं! फिलहाल "वो कौन हैं" ये अभी राज़ है, लेकिन इतना तो तय है कि प्यार अब सिर्फ दूर नहीं, बल्कि उनके बहुत करीब है।

# राजकुमार राव और पत्रलेखा के घर आई नन्हीं परी


अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा के घर नन्हीं परी का आगमन हुआ है। पत्रलेखा ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। राजकुमार राव ने सुबह-सुबह ही ये गुड न्यूज अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। फैंस कपल को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं। राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्टर में एक बेबी यूनिकॉर्न बना है और उस पर लिखा है, "आज हम खुद को चांद से भी परे महसूस कर रहे हैं, क्योंकि आशीर्वाद के रूप में हमारे घर बेबी गर्ल आई है।" उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, "भगवान ने हमें हमारी चौथी शादी की सालगिरह पर सबसे बड़ा आशीर्वाद दिया है।"

बता दें कि 15 नवंबर 2021 को राजकुमार राव और पत्रलेखा ने एक निजी समारोह में चंडीगढ़ में शादी की थी। शादी में परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। राजकुमार राव और पत्रलेखा 11 साल के लंबे रिश्ते के बाद शादी के बंधन में बंधे थे। सोशल मीडिया पर दोनों की शादी की फोटोज ने फैंस को खुश कर दिया था। अब चार साल बाद शादी की सालगिरह पर ही उनके घर बड़ी खुशी आई है।

खबर सामने आने पर बॉलीवुड स्टार्स ने भी कपल को बधाई देना शुरू कर दिया है। वरुण धवन ने पोस्ट कर कमेंट कर लिखा, "आपका गर्ल क्लब में स्वागत है दोस्तों।" वरुण भी बेबी गर्ल के पिता हैं।

एक्टर अली फजल ने भी कमेंट कर लिखा, "ओह गॉड, ये सुनकर बहुत खुशी हुई। आप दोनों खूबसूरत लोगों को बधाई।" बाकी यूजर्स भी हार्ट इमोजी पोस्ट कर अपना प्यार लुटा रहे हैं। अली फजल और ऋचा चड्ढा भी बेबी गर्ल के माता-पिता हैं।

इससे पहले 9 जुलाई को कपल ने सोशल मीडिया पर पहली बार प्रेग्नेंसी की खबर की जानकारी दी थी। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा था, "बेबी ऑन द वे।" तभी से फैंस इस खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे और फाइनली कपल के घर नन्हीं परी ने जन्म लिया है।



# आईपीएल 2026: रिटेंशन लिस्ट जारी होने के बाद किस टीम के पर्स में कितना पैसा बचा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने अपने रिटेन खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। बड़े पैमाने पर खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है। ऐसे में मिनी ऑक्शन के भी रोमांचक होने की उम्मीद है। आइए जानते हैं कि रिटेंशन के बाद फ्रेंचाइजियों के पर्स में कितना पैसा है। किस टीम के पास सबसे ज्यादा पैसा है, और कौन सी टीम न्यूनतम पैसे के साथ मिनी नीलामी में उतरेगी। रिटेंशन के बाद केकेआर के पास सबसे ज्यादा पैसा बचा है। आंद्रे रसेल (12 करोड़) और वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रुपए) जैसे महंगे खिलाड़ियों को रिलीज करने के बाद केकेआर के पर्स में 64.30 करोड़ हैं। केकेआर के पास 13 जगह खाली हैं, जिनमें छह विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पास 43.40 करोड़ रुपये हैं। सीएसके नीलामी में दूसरी धनी टीम के रूप में उतरेगी। सनराइजर्स हैदराबाद पर्स में बचे पैसों के आधार पर तीसरी धनी टीम है। एसआरएच के पर्स में 25.50 करोड़ हैं। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास 22.95 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स के पास 21.80 करोड़, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 16.40 करोड़, राजस्थान रॉयल्स के पास 16.05 करोड़, गुजरात टाइटंस के पास 12.90 करोड़, पंजाब किंग्स के पास 11.50 करोड़, और मुंबई इंडियंस के पास 2.75 करोड़ है। मुंबई इंडियंस ऑक्शन में सबसे कम पैसों के साथ उतरेगी।




एमआई ने अपने सभी बड़े खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। IPL 2026 की मिनी नीलामी 16 दिसंबर को अबू धाबी के एतिहाद एरीना में आयोजित की जाएगी। नीलामी में टीमों के पास कुल मिलाकर 237.55 करोड़ का पर्स उपलब्ध होगा, जिसके आधार पर 77 खिलाड़ियों को खरीदा जा सकेगा। हर टीम अधिकतम 25 खिलाड़ियों का स्क्वॉड रख सकती है। मिनी ऑक्शन में सबसे ज्यादा सक्रिय केकेआर और सीएसके नजर आएंगी।

# शुभमन गिल अस्पताल में भर्ती, कोलकाता टेस्ट में दूसरी पारी के लिए उतरने पर संशय

**कोलकाता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ईडन गार्डन में शनिवार को बल्लेबाजी करने के दौरान गर्दन में समस्या आ गई थी। इस वजह से उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। गिल को बेहतर उपचार के लिए शाम में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। आईएएनएस को मिली जानकारी के मुताबिक गिल पूरी रात अस्पताल में रहेंगे और डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि गिल चिकित्सा निगरानी में हैं और आगे की जांच के आधार पर उनके खेल में भाग लेने पर निर्णय लिया जाएगा। यह अभी तय नहीं है कि गिल बाकी टेस्ट मैच खेल पाएंगे या नहीं। शुभमन गिल के साथ ये घटना भारतीय पारी के 35वें




ओवर की पांचवीं गेंद पर घटी। गिल स्ट्राइक पर थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर बैकवर्ड स्क्वायर के ऊपर से चौका जड़ा। गिल का शॉट आकर्षक था और फैंस उसका आनंद ले रहे थे। वहीं शॉट खेलने के साथ ही गिल की गर्दन में जकड़न आ गई। असहजता के कारण वह अपनी गर्दन पकड़कर सीधे खड़े हो गए। गिल गर्दन को घुमाने में असमर्थ थे और इस वजह से उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। गिल को शनिवार का खेल शुरू होने से पूर्व ही गर्दन में परेशानी थी और उन्होंने इस संबंध में फिजियो से बात भी की थी। भारतीय कप्तान पूर्व में भी इस समस्या से ग्रसित रहे हैं। अक्टूबर 2024 में बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के पहले टेस्ट मैच से पहले गिल को गर्दन में अकड़न की समस्या हुई थी। इस वजह से वह मैच से बाहर हो गए थे। इसी समस्या के कारण गिल जुलाई 2024 में पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाए थे। गिल युवा हैं और भारतीय टीम के कप्तान भी हैं। ऐसे में उनके गले में निरंतर हो रही समस्या उनके साथ-साथ पूरी टीम के लिए चिंता का विषय है।

# तैराकी - ओलंपिक में कब शामिल हुआ ये रोमांचक खेल

**नई दिल्ली।** इतिहास में कभी किसी व्यक्ति ने अगर किसी नदी या तालाब को पार किया होगा, तो उसे शायद ही इसका अनुमान रहा होगा कि आगे चलकर यह प्रथा एक खेल के रूप में विकसित होगी और तैराकी के नाम से जानी जाएगी। उस दिन से तैराकी काफी आगे निकल चुकी है और अब लंबे समय से ओलंपिक जैसे वैश्विक मंच पर एक रोमांचक खेल के रूप में प्रतिष्ठित है। अगर इतिहास पर गौर करें तो लगभग 7000 ईसा पूर्व की गुफा चित्रों में तैराकी के प्रमाण मिलते हैं। प्राचीन मिस्र, ग्रीस और रोम में तैराकी सैन्य प्रशिक्षण, मनोरंजन और स्वास्थ्य का हिस्सा थी। आगे चलकर 19वीं सदी में ब्रिटेन में तैराकी क्लब बने। धीरे-धीरे तैराकी का विकास एक खेल के रूप में हुआ और इसे 1896 के ओलंपिक में शामिल किया गया। महिला तैराकों को ओलंपिक में



हिस्सा लेने का मौका 1912 से मिला। 20वीं सदी में तकनीकी प्रगति हुई। फ्लिपर्स, गॉगल्स और स्पीडो सूट जैसे उपकरण आए। फेडरेशन इंटरनेशनल डी नेटेशन की स्थापना 1908 में हुई, जो नियम निर्धारित करती है। समय के साथ तैराकी में फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक और बटरफ्लाई शैलियां विकसित हुईं। 1896 ओलंपिक से शुरू हुआ तैराकी का वैश्विक सफर 2024 ओलंपिक तक एक समृद्ध विरासत के रूप में विकसित हो गया है। आज की तारीख में तैराकी को खेल के साथ-साथ फिटनेस के दृष्टिकोण से भी बेहद अहम माना जाता है।

ओलंपिक खेलों में तैराक के रूप में अमेरिका के माइकल फेल्प्स सबसे सफल हैं। फेल्प्स ने ओलंपिक में कुल 28 पदक जीते हैं, जिनमें 23 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। वह न सिर्फ तैराकी में बल्कि किसी भी इवेंट में ओलंपिक इतिहास के सबसे सफल और सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले एथलीट हैं।

तैराकी के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था वाले देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, और सिंगापुर का नाम आता है। सिंगापुर ने रियो ओलंपिक में तैराकी में गोल्ड जीता था। इसके अलावा, स्वीडन, नीदरलैंड, नॉर्वे, और फिनलैंड में भी तैराकी काफी लोकप्रिय है।

अगर भारत की बात करें तो, तैराकी अभी विकासशील अवस्था में है। देश में स्विमिंग पूल की कमी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रमुख बाधा है। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया नियमित रूप से राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करता है। भारत सरकार लगातार खेलों इंडिया के माध्यम से इस खेल को मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है।

# लुधियाना इंडस्ट्री से पंजाबी लेबर गायब नतीजा प्रवासी मजदूर कर रहे मनमर्जियां

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना की इंडस्ट्री इन दिनों मुश्किल दौर से गुजर रही है। कारण है कि लुधियाना की औद्योगिक इकाइयों में काम करने के लिए मजदूरों की बड़ी शॉर्टेज का दौर चल रहा है।

इस शॉर्टेज के पीछे का कारण पंजाब के युवाओं द्वारा कामकाज में दिलचस्पी न दिखाना है। विशेषज्ञ की माने तो मौजूदा समय में जितने भी औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले लोग हैं उनमें 80% प्रवासी हैं।

ऐसे में प्रवासियों द्वारा भी अब मनमर्जियां शुरू कर दी गई है और वह अपनी सुविधा और मनमर्जी की तनख्वाह के हिसाब से ही काम कर रहे हैं। ऐसे में उद्योगपतियों को बड़ी मुश्किल का सामना झेलना पड़ रहा है। कारण है कि वह समय पर माल बनाकर भुगतान नहीं कर पा रहे और आर्डर कैंसिल हो रहे हैं।

पंजाबी युवाओं के कामकाज में दिलचस्पी न दिखाने के बड़े करण

उद्योगपतियों का मानना है कि पंजाब के युवाओं द्वारा होजरी या फिर लोहा इंडस्ट्री में काम न करने के बड़े कारण है। पहला कारण है कि वह लोग कामकाज करने में शर्म करते हैं। यही नहीं पंजाब के रहने वाले युवा तनख्वाह भी ज्यादा मानते हैं और उनकी रिश्तेदारी लोकल होने के कारण वह है किसी न किसी फंक्शन या फिर अन्य कारण से छुट्टियां भी ज्यादा करते हैं।

वही एक और बड़ा कारण है कि पंजाब के युवा नशे की दलदल में फंसे होने के कारण नशा कर काम करते हैं जिस दौरान औद्योगिक इकाइयों में गलतियां होने के कारण व्यापारियों को नुकसान होता है और पंजाबी युवाओं को इंडस्ट्री से बाहर निकाल दिया जाता है। औद्योगिक इकाइयों में 10 से 15% ही युवा ऐसे हैं जो नशा नहीं करते और जिम्मेदारी से कम करते हैं।

**लुधियाना में 5 लाख से ज्यादा प्रवासी**

उद्योगपतियों के मुताबिक लुधियाना में 5 लाख से ज्यादा प्रवासी मजदूर हैं। यह प्रवासी मजदूर लुधियाना की अलग-अलग व्यापार की होजरी इकाइयों में काम करते हैं। उद्योगपतियों का यह भी मानना है कि इन्हीं 5 लाख के करीब प्रवासी मजदूर के कारण ही लुधियाना की औद्योगिक इकाइयां चल रही हैं। इसके अलावा पंजाब के अन्य शहरों में भी प्रवासी मजदूर की गिनती काफी ज्यादा है जो भी अलग-अलग उद्योग में काम करते हैं। व्यापारियों का यह भी मानना है कि प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ अगर पंजाब के युवा भी उद्योग की तरफ ज्यादा ध्यान दें तो पंजाब के उद्योग की तरक्की दो गुना हो सकती है।

### औद्योगिक इकाइयों में पंजाबी युवाओं की गिनती नाम मात्र



पंजाबी युवा पंजाब में रह कर काम करने में शर्म करते है और बाहर जाकर काम करते है। पंजाबी युवाओं को चाहिए कि वह यहीं पर रहकर बढ़-चढ़कर काम करें जैसा कि वह विदेश में जाकर करते हैं। मौजूदा समय में पंजाब की औद्योगिक इकाइयों में पंजाबी युवाओं की गिनती नाम मात्र है।

**डी एस चावला, व्यापारी**

### पंजाबी काम करेंगे तो पंजाब और तरक्की करेगा



पंजाब की औद्योगिक इकाइयों में प्रवासी मजदूरों का काफी सहयोग है। पंजाबी के युवाओं को भी चाहिए कि वह लोग औद्योगिक इकाइयों में बढ़-चढ़कर भाग ले। उनके द्वारा काम करने पर पंजाब की तरक्की और भी बढ़ेगी।

**सुदर्शन जैन, व्यापारी**

### लेबर के कारण औद्योगिक इकाइयों के हाल बुरे



औद्योगिक इकाइयों में मजदूर की शॉर्टेज होने के कारण हालत काफी बुरे हो चुके हैं। पंजाब के युवा काम करने को तैयार नहीं है और प्रवासी अब यूपी बिहार में लगने वाली औद्योगिक इकाइयों में काम करने के लिए वापस मूल गांव को जा रहे हैं। सरकार को उठना कदम उठाना चाहिए ताकि औद्योगिक इकाइयों को बचाया जा सके।

**सुनील मेहरा, व्यापारी**

**पहले दिवाली फिर छठ पूजा और अब बिहार चुनाव के कारण सीजन हुआ खराब**

वैसे तो हर साल ही प्रवासी मजदूर दिवाली और छठ पूजा पर अपने मूल गांव को वापस जाते हैं। लेकिन इस बार जो प्रवासी मजदूर दिवाली और छठ पूजा पर मूल गांव को गए थे वह अब तक वापस नहीं लौटे। कारण है कि बिहार में चुनाव के कारण मतदान करने के लिए प्रवासी मजदूर वहीं रुक गए। जो दिवाली और छठ पूजा पर नहीं गए थे वह भी मतदान करने के लिए चले गए जो कि अब तक वापस नहीं आए। ऐसे में सर्दियों का होजरी का जो सीजन था वह लगभग खराब हो चुका है। ज्यादातर व्यापारियों ने अब सर्दी का माल बनाना बंद कर दिया है और गर्मियों के सीजन की तैयारियां मुकम्मल कर चुके हैं।





आज लुधियाना के सिधवा कनाल नहर में जंगल से आया एक जंगली जानवर फंस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और जानवर को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिशें शुरू कीं। यह घटना देखने के लिए आसपास के लोग भी जमा हो गए। **(फोटो लक्की भट्टी)**







पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, लुधियाना में 8–17 नवम्बर तक चल रहे इंटर-कॉलेज यूथ फेस्टिवल के तहत 16 नवम्बर को थियेटर स्पर्धाओं में माइम, मोनो एक्टिंग, भांड और वन-एक्ट प्ले आयोजित किए गए।
**फोटो लक्की भट्टी**

# रविवार को नगर निगम ने फील्ड गंज में कब्जाधारियों पर कार्रवाई कर खुलवाया जाम

**अशवनी पाहवा/सौरव अरोड़ा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**





रविवार के दिन जहां अधिकांश सरकारी विभागों में छुट्टी रहती है और कर्मचारी अवकाश का आनंद लेते हैं, वहीं लुधियाना नगर निगम ने "Sunday" के दिन भी अपनी कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी। शाहपुर रोड और फील्ड गंज बाज़ार में लंबे समय से चले आ रहे अवैध कब्जों के खिलाफ निगम की तहबाज़ारी टीम ने संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर बड़ा अभियान चलाया। टीम ने सड़क पर किए गए अतिक्रमण, अवैध फड़ियों और अक्रोचमेंट को हटाते हुए पूरे बाजार को साफ कराया।

इस कार्रवाई के दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों और टीम को निर्देश देते हुए साफ कहा कि जनता की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए किसी भी तरह के नाजायज़ कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पराशर ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि दुकान के बाहर अवैध कब्जे पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि अवैध कब्जों के कारण फील्ड गंज और शाहपुर रोड पर ट्रैफिक अक्सर जाम हो जाता था। कई बार जाम इस कदर बढ़ जाता था कि एम्बुलेंस तक घंटों फंसी रहती थी, जिससे गंभीर मरीजों की जान पर बन आती थी। नागरिकों ने निगम की इस सप्ताहांत कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसे अभियान चलते रहेंगे।

अभियान के दौरान एक दुकानदार ने कवरेज कर रहे एक मीडिया कर्मी का कैमरा छीनने की कोशिश की और धमकी दी, जिससे मौके पर हल्का तनाव बन गया। निगम अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को काबू किया और दुकानदार को कड़ी चेतावनी देकर आगे ऐसी हरकत न करने की हिदायत दी।

सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने बताया कि यह केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि शहर में अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल यात्रियों और वाहनों के लिए जगह बनाना निगम की प्राथमिकता है और भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण मिलने पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

# पीयू में ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी, आरोपी पर केस दर्ज

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हरियाणा निवासी नवदीप सिंह जल्वेरा द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल का मामला सामने आने के बाद पूरे प्रदेश के ब्राह्मण समाज में नाराज़गी फैल गई है। घटना का वीडियो सामने आते ही विभिन्न ब्राह्मण संगठनों और प्रतिनिधियों में गहरा रोष देखने को मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए ब्राह्मण भलाई बोर्ड के चेयरमैन पंकज शारदा, राजीव शर्मा, पाली सहजपाल, पंडित राजन शर्मा समेत राज्यभर के ब्राह्मण प्रतिनिधियों ने आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस ने नवदीप सिंह जल्वेरा पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। चेयरमैन पंकज शारदा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और लुधियाना पुलिस कमिश्नर का धन्यवाद करते हुए कहा कि देश की आज़ादी से लेकर धार्मिक मूल्यों की रक्षा तक, ब्राह्मण समाज ने हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में कुछ तत्व समाज को निशाना बनाकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हल्का उत्तरी कुंदनपुरी में 1.19 करोड़ रुपये से बनी नए पुल का उद्घाटन

## ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत, आसपास के दर्जनों मोहल्लों को भी मिलेगा फायदा

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



हल्का उत्तरी कुंदनपुरी में बूढ़े दरिया पर 1 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई नई पुली का आज उद्घाटन विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने किया।

लंबे समय से इस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई थी, लेकिन पुल के शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस पुली के साथ कई सारे मोहल्ले लगते हैं, जिन्हें अब सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा। उद्घाटन समारोह में मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर विशेष तौर पर मौजूद रहीं। उनके साथ पार्षद तजिंदर कौर राजा, पार्षद पुष्पिंदर भनोत बिट्टू, पार्षद नीरज बूट्टा, पार्षद नरेंद्र भारद्वाज बिट्टू, पार्षद अमन बग्गा खुराना, और पार्षद गुरवीर गोलू बाजवा, अशोक कुमार, तथा लाला सुरिंदर अटवाल भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि नई पुली से न सिर्फ ट्रैफिक का दबाव कम होगा, बल्कि आसपास के पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में इलाका निवासी मौजूद रहे और उन्होंने इस परियोजना के लिए प्रशासन का आभार जताया।

## ट्रैफिक पुलिस की विशेष मुहिम

# बिना नंबर प्लेट और गलत पैटर्न वाली प्लेटों पर 882 चालान







**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करवाने के लिए लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने पिछले सप्ताह एक विशेष ट्रैफिक मुहिम चलाई।

इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य उन वाहनों पर रोक लगाना था जो बिना नंबर प्लेट, फैंसी डिज़ाइन वाली प्लेटों या मोटर व्हीकल एक्ट के विपरीत ग़ैर-मानक नंबर प्लेटों के साथ सड़कों पर दौड़ रहे थे। पुलिस के अनुसार, ऐसी नंबर प्लेटें न सिर्फ वाहन की पहचान को मुश्किल बनाती हैं बल्कि हादसों और कानून-व्यवस्था संबंधी स्थितियों में परेशानी पैदा करती हैं।

पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के आदेशों पर एडीसीपी ट्रैफिक गुरप्रीत कौर पुरेवाल की देखरेख में ट्रैफिक पुलिस की विशेष टीमें शहर के भीड़भाड़ वाले रास्तो, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील एरिया में तैनात की गई। टीमों ने दो पहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच करते हुए यह सुनिश्चित किया कि हर वाहन निर्धारित नियमों के अनुरूप नंबर प्लेट लगाए। जांच के दौरान कई जगह वाहन चालकों को मौके पर ही जागरूक भी किया गया। वही इस मुहिम के दौरान कुल 882 चालान जारी किए गए। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की सख्ती जारी रहेगी ताकि शहर में ट्रैफिक अनुशासन कायम रहे।

लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे कानून के अनुसार निर्धारित नंबर प्लेटें ही लगाएं और वाहनों में किसी भी तरह की गैर-कानूनी बदलाव से बचें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं और अव्यवस्था पर रोक लगाई जा सकती है।

वही उन्होंने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान शहर में नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके।

**कड़ा रुख**

## होटल-रेस्टोरेंट के बाहर में लगेंगे पुलिस के नाके

# सड़कों पर जाम खड़काने वालों पर चलेगा पुलिस का शिकंजा







**अशवनी पाहवा**
**समर न्यूज़ | लुधियाना**

महानगर में होटल-रेस्टोरेंट के बाहर वाहनों के अंदर और अहातों के आसपास शराब पीने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर ने कड़ा रुख अपनाते हुए आदेश जारी किए है, जहा सड़को पर खुले में और वाहनों के बाहर बैठकर शराब पीने वालों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे। पुलिस के अनुसार खुले में शराबनोशी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आम जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर भी खतरा पैदा होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर में कई संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाको में पुलिस टीमों को तैनात किया गया।

शनिवार की रात पुलिस ने उन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी, जहां लोगों के वाहनों में बैठकर या सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की शिकायतें मिलती रही हैं। वही पुलिस टीमों ने रात के समय भी कई इलाकों में दबिश देकर ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को काबू किया। मौके पर ही उनका चालान किया गया और कुछ मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की गई। पुलिस का कहना है कि इस तरह की हरकतें न केवल दूसरों के लिए असुविधा पैदा करती हैं, बल्कि हादसों और विवादों की संभावनाएं भी बढ़ाती हैं।

एडीसीपी समीर वर्मा ने बताया कि शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन न करें और इस तरह की अवैध गतिविधियों से दूर रहें। शहर को सुरक्षित और अनुशासित बनाने में नागरिकों की सहभागिता बेहद ज़रूरी है। शहर में जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देना और सार्वजनिक क्षेत्रों में अनुशासन बनाए रखना है, ताकि हर नागरिक सुरक्षित वातावरण में जीवन यापन कर सके।


वही उन्होंने शहर के सभी होटलों और रेस्टोरेंट के मालिको को भी चेतावनी दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति उनके रेस्टोरेंट या होटल के बाहर शराब पीते हुए पाया गया तो उनपर भी कार्रवाई होगी।

# बहादुर के रोड फायरिंग मामला: पीड़ित का आरोप उसको आ रही थ्रेट कॉल

## अज्ञात लोग कर रहे घर की रेकी, पुलिस बोली आरोपी पकड़ कर थाने ले आ तो कर देंगे करवाई

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

बीते दिनों बहादुर के रोड पर चली गोलियों के मामले में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसको लगातार थ्रेट कॉल आ रही है। यही नहीं पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग लगातार उसके घर की रेकी भी कर रहे हैं जिनसे उनको जान का खतरा है। परिवार के लोग सहमे हुए हैं जो कि अब घर से बाहर भी नहीं निकलते। पीड़ित ने बताया कि जब इस मामले की पुलिस को शिकायत दी गई तो उनका जवाब हैरान करने वाला मिला। पीड़ित के मुताबिक पुलिस ने कहा कि आरोपी को पकड़ कर थाने ले आओ तो हम कार्रवाई कर देंगे। वही इस मामले में जब थाना बस्ती जोधेवाल के प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर रहे हैं।



**-सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए आरोपी**

जसकीरत ने बताया कि कुछ दिन उसको व्हाट्सएप कॉल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। अज्ञात नंबर से फोन करने वाले बदमाश ने उसको जान से मारने की धमकियां भी दी। यही नहीं जसकीरत ने बताया कि कुछ दिनों से कुछ अज्ञात लोग उसके घर के आस-पास घूमते दिखाई दे रहे हैं। उसने शक जताया कि हो सकता है कि यह उन्हीं हमलावरों के साथी हो जो दोबारा हमला करने की तक में वहां पर घूम रहे हैं। जसकीरत ने कहा कि उसका परिवार सहमा हुआ है जिसकी शिकायत पुलिस को भी दी गई है।

**-यह है मामला**




पीड़ित जसकीरत ने बताया कि 21 अक्टूबर की रात को वह अपने दोस्त के साथ कहीं काम से गया था। रात को जब वह आजाद नगर घर लौट रहा था तो रास्ते में कुछ बाइक सवार हमलावरों ने उसको घेर लिया। उक्त लोगों ने उसके साथ और उसके दोस्त विनय के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। यही नहीं उक्त आरोपियों ने वहां पर ताबड़तोड़ गोलियां भी चलाई जिनमें से एक गोली उसके दोस्त राजा सिन्हा की झांग पर लगी जिसको बाद में अस्पताल भर्ती करवाया।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 72